Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 143 | सोमवार, 26 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## NDA बैठक में पीएम मोदी की सलाह

# सभी नेताओं को सार्वजनिक बयान बाजी में संयम बरतने का निर्देश

**नई दिल्ली।**

पीएम मोदी ने कथित तौर पर कहा कि कहीं भी कुछ भी बोलने से बचें और साथ ही उन्होंने अनुशासित संचार की आवश्यकता पर जोर दिया। यह सलाह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मध्य प्रदेश और हरियाणा के भाजपा नेताओं द्वारा हाल ही में की गई कुछ विवादास्पद टिप्पणियों के मद्देनजर आई है, जिनसे कथित तौर पर पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी।

रविवार को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं की बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक महत्वपूर्ण सलाह दी है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने पार्टी नेताओं



को सार्वजनिक बयानों में संयम बरतने का स्पष्ट निर्देश दिया। यह बैठक मुख्य रूप से सुशासन पर केंद्रित थी, जिसमें एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने पार्टी नेताओं द्वारा दिए जा रहे अनावश्यक बयानों पर गंभीर चिंता व्यक्त की और उनसे अविवेकी टिप्पणी करने से बचने का आग्रह किया। यह निर्देश संभवतः पार्टी के भीतर से आने वाले उन बयानों के मद्देनजर आया है जो अनावश्यक विवादों को जन्म दे सकते हैं या सरकार की छवि पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।पीएम मोदी ने कथित तौर पर कहा कि कहीं भी कुछ भी बोलने से बचें और साथ ही उन्होंने अनुशासित संचार की आवश्यकता पर जोर दिया। यह सलाह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मध्य प्रदेश और हरियाणा के भाजपा नेताओं द्वारा हाल ही में की गई कुछ विवादास्पद टिप्पणियों के मद्देनजर आई है, जिनसे कथित तौर पर पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी। बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के मुद्दे पर भी स्पष्टीकरण दिया।

## हरे पेड़ काटने के विरोध में उतरे लोग, लगाया जाम




**मैनपुरी।** शहर में स्टेशन रोड पर रविवार की सुबह सड़क चौड़ीकरण को लेकर पेड़ काटे जा रहे थे। इस दौरान करणी सेना के जिलाध्यक्ष अपने समर्थक व स्थानीय लोगों के साथ वर्षों पुराने पेड़ काटे जाने का विरोध करते हुए सड़क पर बैठ गए। जाम की सूचना पर एसडीएम, सीओ और अधिशासी अधिकारी मौके पर पहुंच गए। लोगों के विरोध के आगे अधिकारियों को पेड़ काटे जाने का काम रोकना पड़ा। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने करीब दो घंटे से लगा जाम खोला। तब पुलिस ने मार्ग का आवागमन सुचारू कराया।स्टेशन रोड पर सड़क चौड़ीकरण के कार्य के लिए करीब 43 पेड़ काटे जाने हैं। रविवार को पीडब्ल्यूडी के कर्मी मार्ग पर पेड़ों का कटान कर रहे थे।

## || सार संक्षेप

## आज से तीन दिवसीय महाराष्ट्र दौरे पर शाह



**मुंबई / नागपुर।** आज से तीन दिवसीय महाराष्ट्र दौरे पर शाह; नागपुर-नांदेड़ और मुंबई में कई कार्यक्रम गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय महाराष्ट्र दौरे पर रविवार रात नागपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एयरपोर्ट शाह का स्वागत किया।

नागपुर कैंसर संस्थान और राष्ट्रीय फोरेंसिक विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में शामिल होंगे महाराष्ट्र भाजपा के बयान के अनुसार, शाह 26 मई को वे जामठा में नागपुर कैंसर संस्थान में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे और चिंचोली गांव में राष्ट्रीय फोरेंसिक विश्वविद्यालय के उप-केंद्र की आधारशिला रखेंगे। आज से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर प्रधानमंत्री; 82,950 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली महाराष्ट्र यात्रा

नागपुर का कार्यक्रम पूरा करने के बाद शाह नांदेड़ जाएंगे। यहां भी वे कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वे रात में ही मुंबई रवाना होंगे। 27 मई को शाह मुंबई में श्री नारायण मंदिर माधवबाग और सर कावसजी जहांगीर हॉल में आयोजनों में शामिल होंगे। यह दौरा ऑपरेशन सिंदूर और भारत–पाकिस्तान संघर्ष विराम के बाद उनकी पहली महाराष्ट्र यात्रा है।

## फ्रांस पहुंचा सातवां सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल



**पेरिस।**

आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख बताने के लिए रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का सातवां समूह फ्रांस पहुंच गया है। इस बात की जानकारी भारतीय दूतावास ने एक पोस्ट में दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में दूतावास ने लिखा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत के मजबूत और स्पष्ट रुख से अवगत कराने के लिए रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में प्रतिष्ठित सांसदों और एक प्रतिष्ठित पूर्व राजनयिक का 9 सदस्यीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आज पेरिस पहुंचा। रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य इस दौरान फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, यूरोपीय संघ, इटली और डेनमार्क का दौरा करेंगे।

## नए सिरे से शुरू होगा भारत-कनाडा का रिश्ता जयशंकर ने पहली बार अनीता आंनद से की बातचीत

**नई दिल्ली।**

विदेश मंत्री एस जयशंकर और कनाडा की नई विदेश मंत्री अनीता आनंद ने फोन पर पहली बार बात की। दोनों नेताओं ने भारत-कनाडा संबंधों को मजबूत करने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

साथ ही दोनों नेताओं ने रिश्तों में सुधार की उम्मीद भी जताई। भारत और कनाडा के रिश्तों में लंबे समय से चली आ रही तनातनी के बीच अब सुधार के संकेत नजर आ रहे हैं। रविवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और कनाडा की नई विदेश मंत्री अनीता आनंद के बीच पहली बार फोन पर बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने आर्थिक सहयोग बढ़ाने और आपसी प्राथमिकताओं को आगे



बढ़ाने पर चर्चा की। इस बात की जानकारी एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। जहां जयशंकर ने कहा कि कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ टेलीफोन पर अच्छी बातचीत हुई। इस दौरान भारत-कनाडा संबंधों की संभावनाओं पर चर्चा की। साथ ही जयशंकर ने सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं भी दीं। वहीं, अनीता आनंद ने जवाब में कहा कि भारत-कनाडा संबंधों को मजबूत करने, आर्थिक सहयोग को गहरा करने और साझा प्राथमिकताओं पर आगे बढ़ने को लेकर आज जयशंकर जी से उपयोगी चर्चा हुई।

ट्रूडो के जाने के बाद रिश्तों में बदलाव की उम्मीद बता दें कि अनीता आनंद को इस महीने की शुरुआत में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की नई कैबिनेट में विदेश मंत्री नियुक्त किया गया। अनीता आनंद पहले कनाडा की रक्षा मंत्री और विज्ञान मंत्री जैसे पदों पर काम कर चुकी हैं। भारत और कनाडा के रिश्ते तब बिगड़ गए थे जब सितंबर 2023 में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था।

## सनराइजर्स हैदराबाद ने छठी जीत के साथ किया सत्र का समापन



**नई दिल्ली।**

इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 278 रन बनाए।

यह आईपीएल का तीसरा सर्वोच्च स्कोर है। जवाब में कोलकाता 18.4 ओवर में 168 रन पर ऑलआउट हो गई। सनराइजर्स के लिए जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा और हर्ष दुबे ने तीन-तीन विकेट झटके। ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 110 रन से हरा दिया।इस जीत के साथ हैदराबाद ने सत्र का समापन किया। रविवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए। इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 278 रन बनाए। यह आईपीएल का तीसरा सर्वोच्च स्कोर है। जवाब में कोलकाता 18.4 ओवर में 168 रन पर ऑलआउट हो गई। सनराइजर्स के लिए जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा और हर्ष दुबे ने तीन-तीन विकेट झटके। आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स का इस मुकाबले के साथ सफर समाप्त हो गया। हैदराबाद 14 में से छह जीत और सात मैचों में हार के साथ छठे पायदान पर रही। वहीं, केकेआर पांच जीत और सात हार के साथ आठवें स्थान पर रही। हैदराबाद ने केकेआर को 110 रनों से हराकर अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले टीम ने 2019 में आरसीबी को हैदराबाद में 118 रनों के अंतर से हराया था।

## मुहम्मद यूनुस के बयान पर सीएम हिमंत

# 'बांग्लादेश के दो 'चिकन नेक' सबसे अधिक खतरनाक'

**गुवाहाटी।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक बार फिर से चिकन नेक कॉरिडोर का मुद्दा उठाया है। मुख्यमंत्री ने रविवार को बांग्लादेश को उसके दो चिकन नेक की याद दिलाते हुए कहा कि वे कहीं अधिक असुरक्षित हैं।

सरमा की टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस ने भारत के चिकन नेक कारिडोर को लेकर झूठा दावा किया था। उन्होंने 21 मई को अपनी चीन यात्रा के दौरान कहा था कि भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र भूमि से घिरा हुआ है। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने यूनुस के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के दो चिकन नेक हैं। दोनों ही बहुत अधिक असुरक्षित हैं। पहला है 80 किलोमीटर लंबा उत्तर बांग्लादेश कॉरिडोर- दक्षिण दिनाजपुर से दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स तक। उन्होंने कहा कि यहां कोई भी व्यवधान पूरे रंगपुर डिवीजन को



भारत के सिलीगुड़ी कारिडोर की तरह, हमारे पड़ोसी देश में भी उनके दो संकीर्ण गलियारे हैं। भारत का चिकन नेक, जिसे सिलीगुड़ी कॉरिडोर के नाम से जाना जाता है। जमीन की एक संकरी पट्टी है, जिसकी चौड़ाई लगभग 22 किलोमीटर–35 किलोमीटर है, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र को शेष भारत से जोड़ती है।

बांग्लादेश के बाकी हिस्सों से पूरी तरह से अलग कर सकता है। दूसरा है 28 किलोमीटर लंबा चटगांव कॉरिडोर, जो दक्षिण त्रिपुरा से बंगाल की खाड़ी तक है। भारत के चिकन नेक से भी छोटा यह कारिडोर बांग्लादेश की राजधानी के बीच एकमात्र संपर्क है। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि मैं केवल भौगोलिक तथ्य प्रस्तुत कर रहा हूं, जिसे कुछ लोग भूल सकते हैं। भारत के सिलीगुड़ी कारिडोर की तरह, हमारे पड़ोसी देश में भी उनके दो संकीर्ण गलियारे हैं। भारत का चिकन नेक, जिसे सिलीगुड़ी कॉरिडोर के नाम से जाना जाता है।

## भारत से तनाव के बीच तुर्किए पहुंचे शबहाज शरीफ, राष्ट्रपति एर्दोगन संग की बैठक

**इस्तांबुल।**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को तुर्किये के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच हुई वार्ता के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।एर्दोगन के कार्यालय ने कहा कि तुर्किये के विदेश मंत्री हकान फिदान और रक्षा मंत्री यासर गुलेर भी बैठक में शामिल हुए। भारत के साथ संबंधों में तनाव के



बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इंस्ताबुल पहुंचे हैं। गौरतलब है कि तुर्किये पाकिस्तान का मित्र देश है। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर के तहत छह- सात मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था तब एर्दोगन ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। आतंकी ठिकानें ध्वस्त होने के बाद पाकिस्तान ने आठ, नौ और 10 मई को तुर्किये से मिले ड्रोनों से भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमले का प्रयास किया था।

# 'पाकिस्तान और कर में फर्क नहीं': असदुद्दीन ओवैसी

**मनामा।**

पहलगाम में आतंकी हमले और उसके बाद चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भारत का पक्ष रखने के लिए बहरीन गए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य व एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि पाकिस्तान के आतंकियों और आईएस की तकफीरी विचारधारा के बीच कोई अंतर नहीं है।

ओवैसी ने एक सवाल के जवाब में कहा, 'हमारी सरकार ने हमें यहां और

- 33 वैश्विक राजधानियों का दौरा करने का काम सौंपा है।
- पाकिस्तान के आतंकियों और आईएस की तकफीरी विचारधारा के बीच कोई अंतर नहीं है।

दुनिया के विभिन्न हिस्सों में कई अन्य सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को भेजा है, ताकि दुनिया को पता चले कि भारत किस खतरे का सामना कर रहा है।' उन्होंने कहा, 'आतंकियों ने भारत में निर्दोष लोगों की हत्या को उचित ठहराया है। हमारी राय में पाकिस्तान के आतंकियों और इस्लामिक स्टेट की तकफीरी विचारधारा (हिंसा को सही ठहराने के लिए साथी मुस्लिमों सहित अन्य लोगों को धर्मद्रोही करार देना) के बीच कोई अंतर नहीं है।' गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को पाकिस्तान की साजिशों और आतंकवाद के प्रति भारत की प्रतिक्रिया को अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक पहुंचने के लिए 33 वैश्विक राजधानियों का दौरा करने का काम सौंपा है।



## संपादक की कलम से

# पुलिस जांच के काले सफे

फिर एक जांच के दरवाजे सीबीआई के शो केस में खुलेंगे और हिमाचल पुलिस के संदर्भ मुखौटे बन जाएंगे। फिर मुखौटे खुल रहे हैं और जिन परिस्थितियों में विमल नेगी मौत का मामला सीबीआई तक पहुंच रहा है, वहां माननीय हाई कोर्ट की टिप्पणियां पूरे पुलिस महकमे की चादर में अनेक छेद ढूंढ लेती हैं। पुलिस मुख्यालय की अकड़ में और शिमला के एसपी जांच की पकड़ के बीच कई पलटबाजियां और जांच के विरोधाभास सामने आ रहे हैं। विमल नेगी मौत जांच से पहले भी गुडि ?ा कांड और उस दौरान हिरासत में मौत के चिथड़ों ने एक पूरी एसआईटी को जेल में ठूंस दिया था, तो अब ऐसा ही भयावह परिदृश्य पुनः उभरा है। माननीय अदालत ने पुलिस बनाम पुलिस की मलिनता, अफसरों के बीच एक दूसरे को पटकनी देने की साजिशें और जांच में होते विषयांतर को गहनता से पकड़ कर आइंदा के लिए सीबीआई के हवाले पूरे प्रकरण को कालिमा समेत सौंप दिया है।



ललित शर्मा
संपादक

इस कसूर की गवाही में पुलिस कितनी कसूरवार होगी, यह अब एक अलग कहानी के रूप में सामने आएगी। एक मौत के पीछे हजारों दुश्मन हिमाचल की ही व्यवस्था को कुतर रहे थे या एक निजी मामले की गर्त में पुलिस के सितारे डूब रहे हैं। संदेहों की मोटी परत पावर कारपोरेशन की उन फाइलों से निकल चुकी है, जिनसे होकर ओंकार शर्मा की रिपोर्ट निकली है। यहां कई सफे काले हैं, हाथ साफ करने वालों के सबूत काले हैं। एक मौका था, जांच का एहसास था और एक होनहार अधिकारी की मौत का सदमा अगर व्यवस्था को पुकार रहा था, तो अदालत में पुलिस की फजीहत न होती। मृतक नेगी के घरवालों की अपील और दलील ने अगर पुलिस जांच के कान न पकड़े होते, तो केस में रूपांतरित आशंकाएं कई धड़ों में न बंटती। अदालत के सख्त लहजे का सारांश केवल सीबीआई जांच नहीं, बल्कि पुलिस बनाम पुलिस भी है। आश्चर्य यह कि एसपी शिमला अदालत से बाहर निकल कर विभागीय वीरता पर निशाने साध रहा है। पुलिस अधिकारी की प्रेस वार्ता को बहादुरी का सबूत या ईमानदारी का सर्टिफिकेट मानें या बिलासपुर की झील में डूबी कहानी को खोज के लाएं। जांच के कई जिन्न मंडरा रहे हैं, तेरे कातिल पर्दे में किसे डरा रहे हैं। पावर कारपोरेशन की असली ह्यपावरह्न की गुत्थियों में ओंकार शर्मा की रिपोर्ट जहां पहुंची थी, वहां असली और नकली चेहरों के बीच सीबीआई शायद किसी रहस्य को पकड़ लाए या विरोधाभास की पुलिस जांच के बीच पुलिस के ह्यरंगह्न का भेद हटा पाए। जो भी हो हिमाचल में पुलिस की वर्दी बार-बार सीबीआई के घाट पर धोई जा रही है। ऐसे में पुलिस को ही पुलिस की पड़ताल करनी पड़ेगी। बड़े रैंक के अधिकारियों के बीच महकमा बार-बार इंगित कर रहा है कि बेड़े में सवार ही खुद नैया को डुबो रहे हैं। पुलिस की प्रतिबद्धता, तौर-तरीकों, अनुशासन व कत्रव्य परायणता पर फिर एक बार चोट लगी है। ऐसे में सरकार के लिए भी जांच के आने वाले लम्हे सियासत से भरे होंगे। कुछ तो हाथ जलेंगे, इस धुएं को जब-जब कुरेदा जाएगा। अदालत ने मामले के मर्म से निकाल कर नेगी परिवार को राहत का पैगाम, न्याय का नया आयाम और निष्पक्ष जांच के आधार सौंपे हैं। कानून व्यवस्था का एक ह्यपहलगांवह्न हिमाचल में भी दिखाई दे रहा है।

मदन वर्मा माणिक

## पराक्रम दिखा दिया

कविता



पराक्रम दिखा दिया सेना ने कई बार,
फिर भी पड़ौसी देश परखने को तैयार,
आखिर दिखाया वीर जवानों ने इस बार,
लो देखो जितना सहने का दमखम हो,
आश्चर्य फिर हुआ तुम्हें हमारे शौर्य में
जितना तुम्हें भ्रम है वो छद्मावरण है,
सुनो चौकन्नी आंखों से क्या देख रहे हो,
सही साबित हुआ देख हमारा पराक्रम है,
सबक सीख लो, तुम सामने बच्चे से हो,
युद्ध कौशल में भी अभी तो कच्चे से हो,
सफल है कौशल बाना है हमारी सेना को
जो परखा वो तो पुराना जाना पहचाना है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारतीय राष्ट्रवाद को नई आँखों से देखिए !



जब हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है। देश में इन दिनों राष्ट्रवाद चर्चा और बहस के केंद्र में है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम भारतीय राष्ट्रवाद पर एक नई दृष्टि से सोचें और जानें कि आखिर भारतीय भावबोध का राष्ट्रवाद क्या है? ह्यराष्ट्रह्न सामान्य तौर पर सिर्फ भौगोलिक नहीं बल्कि भूगोल-संस्कृति-लोग के तीन तत्वों से बनने वाली इकाई है। इन तीन तत्वों से बने राष्ट्र में आखिर सबसे महत्वपूर्ण तत्व कौन सा है? जाहिर तौर पर वह लोग ही होगें। इसलिए लोगों की बेहतरी, भलाई, मानवता का स्पंदन ही किसी राष्ट्रवाद का सबसे प्रमुख तत्व होना चाहिए। जब हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है। यही वैश्विक अचेतन (कलेक्टिव अनकांशेसनेस) हम-सबके एक होने का कारण है। स्वामी विवेकानंद इसी बात को कहते थे कि इस अर्थ में भारत एक जड़ भौगोलिक इकाई नहीं है। बल्कि वह एक चेतन भौगोलिक इकाई है जो सीमाओं और सैन्य बलों पर ही केंद्रित नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद मनुष्य के विस्तार व विकास पर केंद्रित है। जिसे भारत ने ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्न कहकर संबोधित किया। यह ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्न राजनीतिक सत्ता का उच्चार नहीं है। उपनिषद् का उच्चार है। सारी दुनिया के लोग एक परिवार, एक कुटुम्ब के हैं, इसे समझना ही दरअसल भारतीय

**लोकसत्ता का भी मानवतावादी होना जरूरी है**

राष्ट्रवाद को समझना है। यह राष्ट्रवाद मनुष्य की सांस्कृतिक एकता के विस्तार का प्रतीक है और हमारे सांस्कृतिक मूल्य, मानववादी सांस्कृतिक मूल्यों पर केंद्रित है। हमारी भारतीय अवधारणा में राज्य निर्मित भौगोलिक-प्रशासनिक इकाईयां प्रमुख स्थान नहीं रखतीं बल्कि हमारी चेतना, संस्कृति, मूल्य आधारित जीवन और परंपराएं ही यहां हमें राष्ट्र बनाती हैं। हमारे सांस्कृतिक इतिहास की ओर देखें तो आर्यावर्त की सीमाएं कहां से कहां तक विस्तृत हैं, जबकि सच यह है कि इस पूरे भूगोल पर राज्य बहुत से थे, राजा अनेक थे- किंतु हमारा सांस्कृतिक अवचेतन हमें एक राष्ट्र का अनुभव कराता था। एक ऐतिहासिक सत्य यह भी यह है कि हमारा राष्ट्रवाद दरअसल राज्य संचालित नहीं था, वह समाज और बौद्धिक चेतना से संपन्न संतों, ऋषियों द्वारा संचालित था। वह राष्ट्रवाद इस व्यापक भूगोल की चेतना में समाया हुआ था। यहां का ज्ञान विस्तार जिस तरह चारों दिशाओं में हुआ, वह बात हैरत में डालती है। राजा सिर्फ राज्य बनाते हैं, ऋषि अपने सांस्कृतिक अवदान से राष्ट्र बनाते हैं। आप देखें तो बुद्ध पूरी दुनिया में अपने संदेश को यूं ही नहीं फैला पाए, बल्कि उस ज्ञान में एक ऐसा नवाचार, नवचेतन था जिसे दुनिया ने स्वतः आगे बढकर ग्रहण किया। भारत कई मायनों में अध्यात्म और चेतना की भूमि है, सच कहें तो दुनिया की तमाम स्थितियों से भारत एक अलग स्थिति इसलिए पाता है, क्योंकि यह भूमि संतों के लिए, ज्ञानियों के लिए उर्वर भूमि है। दुनिया के तमाम विचारों की सांस्कृतिक चेतना जड़वादी है, जबकि भारत की चेतना जैविक है। इसलिए भारत मरता नहीं है, क्योंकि वह जड़वादी और हठवादी नहीं है। यहां का मनुष्य सांस्कृतिक एकता के लिए तो खड़ा होता है पर विचारों में जड़ता आते ही उससे अलग हो जाता है। हमारा ईश्वर आंतरिक उन्नयन और पाप क्षय के लिए काम करता है। हमारे संत भी आध्यात्मिक उन्नयन और पापों के क्षय के लिए काम करते हैं। मनुष्य की चेतना का आत्मिक विस्तार ही इस राष्ट्रवाद लक्ष्य है। इसलिए यह सिर्फ एक खास भूगोल, एक खास विचारधारा और पूजा पध्दति में बंधे लोगों के उद्धार के लिए नहीं, बल्कि समूची मानवता की मुक्ति के काम करने वाला यह विचार है। यहां मानव की मुक्ति ही उसका लक्ष्य है। यह राष्ट्रवाद सैन्यबल और व्यापार बल से चालित नहीं है, बल्कि यह चेतना के विस्तार, उसके व्यापक भावबोध और मनुष्य मात्र की मुक्ति का विचार से अनुप्राणित है। भारतीय संदर्भ में राष्ट्रवाद को समझना वास्तव में मानवतावाद के व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझना है। यह विचार कहता है- ह्लसंतों को सीकरी से क्या कामह्व और फिर कहता है ह्यह्लकोई नृप होय हमें क्या हानिह्व। इस मायने में हम राज या राज्य पर निर्भर रहने वाले समाज नहीं थे। राजा या राज्य एक व्यवस्था थी, किंतु जीवन मुक्त था-मूल्यों पर आधारित था। पूरी सांस्कृतिक परंपरा में समाज ज्यादा ताकतवर था और स्वाभिमान के साथ उदार मानवतावाद और एकात्म मानवदर्शन पर आधारित जीवन जीता था। वह चीजों को खंड-खंड करके देखने का अभ्यासी नहीं था। इसलिए इस राष्ट्रवाद में जो समाज बना, वह राजा केंद्रित नहीं, संस्कृति केंद्रित समाज था। जिसे अपने होने-जीने की शर्तें पता थीं, उसे उसके कर्तव्य ज्ञात थे। उसे राज्य की सीमाएं भी पता थीं और अपनी मुक्ति के मार्ग भी पता थे। इस समाज में गुणता की स्पर्धा थी- इसलिए वह एक सुखी और संपन्न समाज था। इस समाज में भी बाजार था, किंतु समाज- बाजार के मूल्यों पर आधारित नहीं था। आनंद की सरिता पूरे समाज में बहती थी और आध्यात्मिकता के मूल्य जीवन में रसपगे थे। भारतीय समाज जीवन अपनी सहिष्णुता के नाते समरसता के मूल्यों का पोषक है। इसीलिए तमाम धाराएं, विचार, वाद और पंथ इस देश की हवा-मिट्टी में आए और अपना पुर्नअविष्कार किया, नया रूप लिया और एकमेक हो गए। भारतीयता हमारे राष्ट्रवाद का अनिवार्य तत्व है। भारतीयता के माने ही है स्वीकार। दूसरों को स्वीकार करना और उन्हें अपनों सा प्यार देना। यह राष्ट्रवाद विविधता को साधने वाला, बहुलता को आदर देने वाला और समाज को सुख देने वाला है। इसी नाते भारत का विचार आक्रामकता का, आक्रामण का, हिंसा या अधिनायकवाद का विचार नहीं है। यह श्रेष्ठता को आदर देने वाली, विद्वानों और त्यागी जनों को पूजने वाली संस्कृति है। अपने लोकतत्वों को आदर देना ही यहां राष्ट्रवाद है। इसलिए यहां भूगोल का विस्तार नहीं, मनों और दिलों को जीतने की संस्कृति यहां जगह पाती है। यहां शांति है, सुख है, आनंद है और वैभव है। यह देकर, छोड़कर और त्यागकर मुक्त होती है। समेटना यहां ज्ञान को है, संपत्ति, जमीन और वैभव को नहीं। इसलिए फकीरी यहां आदर पाती है और सत्ताएं लांछन पाती हैं। इसलिए यहां लोकसत्ता का भी मानवतावादी होना जरूरी है। यहां सत्ता विचारों से, कार्यों से और आचरण से लोकमानस का विचार करती है तो ही सम्मानित होती है।

# केंद्र व राज्यों को मिलकर टीम इंडिया बने तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं -विजन 2047 अपनें डेडलाइन से बहुत पहले पूर्ण होगा



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की राजनीति में हम देखते रहते हैं कि पक्ष पक्ष में बहुत कानफ्लिक्ट होते रहता है यानें हर मुद्दे व काम पर आलोचना तर्क वितर्क अड़ंगा होते रहते हैं, जो पक्ष और पक्ष की नीति में वाजिब भी है, मैंने अपने लेखन क्षेत्र में 40 वर्षों की अवधि में बहुत कम बार ऐसा देखा हूं कि पक्ष व विपक्ष मिलकर एक साथ राजनीति से ऊपर उठकर देश के लिए आवाज उठाते हैं, परंतु अभी ऑपरेशन सिंदूर के बाद इसका सटीक उदाहरण पूरे पक्ष विपक्ष को मिलाकर 7 एक साथ टीमों में करीब 59 संसद सदस्य, विशेषज्ञ पूरी दुनियाँ में आतंकवाद पर भारत का पक्ष रख रहे हैं जो रेखांकित करने वाली बात है। दूसरी ओर शनिवार दिनांक 24 मई 2025 को मैं देर रात तक संचार माध्यमों मोबाइल टीवी और रेडियो के माध्यम से नीति आयोग की दसवीं गवर्ननिंग काउंसिल मीटिंग पर एकटक सटीक नजरें लगाए रखा था, तथा मीटिंग समाप्त होने के बाद जिस तरह विपक्ष के करीब सभी मुख्यमंत्री की पीएम से आत्मीयता से तथा एक सीएम सर झुकाकर बात कर रहे थे यह देखकर मैं हैरानी से चौका, हालांकि यह सबदेखकर सारी जनता भी चौकी होगी, क्योंकि सोशल मीडिया पर जबरदस्त रूप से यह सब वायरल हो रहा है और पक्ष विपक्ष के साथ साथ होनें तथा विपक्षी मुख्यमंत्रीयों और पीएम की जबरदस्त बॉन्डिंग के समर्थन में जनता के कमेंट्स भी लगातार सोशल मीडिया पर चल रहे हैं उनको देखकर मैं सोच रहा था एक समय था, जब चुनाव हो रहे थे तो यही सब आपस में शाब्दिक बणों की तलवारे खींच खींचकर एक दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश में लगे थे, लेकिन आज दोस्ती शालीनता व अति मान सम्मान का माहौल दिख रहा था, जिसे पूरी दुनियाँ ने हैरानी व अचंभित होकर रेखांकित किया कि मेरा मानना है या भारतीय संस्कृति का कमाल है, पहले ऑपरेशन सिंदूर व अभी भारतीय मिशन 2047 पर 36 में से 31 राज्यों को उपस्थित रहना, तारीफ-ए- काबिल है, जिसका संदेश पूरे विश्व में पहुंच गया कि भारत के विकास और आतंकवाद पर भारत के पूरे 144.2 करोड़ लोग एक साथ खड़े हैं। यानें हमारे लिए राष्ट्रसुरक्षा आतंकवाद की समाप्ति व राष्ट्र के विकास के मुद्दे पर पक्ष विपक्ष हम साथ साथ हैं, जो मुझे बहुत अच्छा लगा इसलिए केंद्र व राज्य सरकार को मिलाकर टीम इंडिया बने तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं, विजन 2047 अपनें डेडलाइन के बहुत पहले ही पूरा होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, नीति आयोग की दसवीं वर्किंग काउंसिल ने विजन विकसित भारत 2047 का खाका खींचा -36 में से 31 राज्यों की जबरदस्त अनुकूल उपस्थित-पीएम व विपक्षी मुख्यमंत्रीयों की जबरदस्त बॉन्डिंग देखी।

साथियों बात अगर हम शनिवार दिनांक 24 मई 2025 को दसवीं नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल मीटिंग की करें तो, नीति आयोग की इस बैठक में 36 में से 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने शिरकत की, जो अब तक की सबसे ज्यादा भागीदारी है। लेकिन कर्नाटक, केरल, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल और बिहार ने पहले ही अपनी गैरमौजूदगी की सूचना दे दी थी। बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा, यह दिखाता है कि ज्यादातर राज्य सकारात्मक सोच के साथ आए। उन्होंने आगे बताया कि, 'बैठक के एजेंडे में कार्रवाई रिपोर्ट के अलावा दो आइटम शामिल थे। सबसे पहले, बैठक का विषय और एजेंडे में पहला आइटम 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य' था। पूरा विचार यह है कि पिछली गवर्निंग काउंसिल में, पीएम ने सभी राज्यों से अपने-अपने राज्य के विजन तैयार करने का आह्वान किया था, ताकि उनके पास ऐसे विजन हों जो बाद में एक बड़े समूह में समाहित हो जाएं। राष्ट्र के लिए विजन। इसलिए मुझे लगता है कि पिछले एक साल से एजेंडा इसी पर आधारित है और यही कारण है कि आज की गवर्निंग काउंसिल की बैठक का मुख्य विषय यही रहा'। आगे कहा कि बैठक में मौजूद सभी लोगों ने सर्वसम्मति से पाक में आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए भारत की तरफ से शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि पीएम ने राज्यों से कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करने का भी आग्रह किया। पीएम ने शनिवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से निवेश को प्रोत्साहित करने और रोजगार पैदा करने के लिए नीतिगत अड़चनों को दूर करने को कहा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर केंद्र सरकार और राज्य मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। साथियों बात अगर हम नीति आयोग की दसवीं वर्किंग की चर्चा को 11 प्वाइंटों में समझने की करें तो, राजधानी दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 10 वीं बैठक ने देश के विकास के लिए एक नया खाका खींचा। पीएम ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठाए। (1) नीति आयोग की इस बैठक में 36 में से 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने शिरकत की।

# नशे के अपराध का अंधेरा, बर्बाद होती नई नस्ल।

देश में लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है नशीले पदार्थ अपराधिक गतिविधियों के लिए शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन हुआ है नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती, और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है दूसरी तरफ दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं वर्तमान में

शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों मैं सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नशे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलतः मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र पंजाब और अन्य राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिऐ मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देशन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके, शराब से तो अपराध होते ही हैं पर सूखे नशे से अपराधिक ज्यादा उम्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकतें केंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है अंतरराष्ट्रीय सीमा से आने वाला ड्रग्स शारीरिक रूप से भी काफी नुकसानदेह होता है अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने का एक राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाकर उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जितने व्यक्ति नशा करके अपराध करने के लिए दोषी हैं उससे ज्यादा दोषी नशीले पदार्थों के तस्करी करने वाले भी है, तस्कर समूह को चिन्हित कर उस पर बड़ी कार्रवाई करने की देश को गंभीर आवश्यकता है, देश में शराब जहां ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ी बुराई है उससे ग्रामीण आमजन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ शारीरिक नुकसान भी बहुत बड़ा होता है, इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में खासकर बड़े शहरों में सुखा नशा एक बडी सामाजिक बीमारी की तरह अत्यंत गंभीर चुनौती बन गई है, इसे रोकने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए तभी इस सामाजिक गंभीर समस्या पर कुछ राहत और निदान मिल सकता है।



संजीव ठाकुर

# स्वाधीनता सेनानी आशाराम सैनी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए !

वेलकम इंडिया



**रुड़की-** जाने-माने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बाबू आसाराम सैनी की 34वीं पुण्यतिथि पर आज उनके समाधि स्थल पर ग्राम जलालपुर डाडा में आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। समाधि स्थल पर पारिवारिक जन तथा ग्राम वासियों ने हवन किया तथा उसके बाद पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर काफी संख्या में क्षेत्रवासी स्वर्गीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने समाधि स्थल पर पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंची विधायक श्रीमती ममता राकेश ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू आसाराम सैनी को याद कर कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेकर तो इस देश को आजाद कराने में बाबू आसाराम सैनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी ।उन्होंने आजादी के बाद भी इस पिछड़े क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहे और इस क्षेत्र के विकास में उन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान दिया ।उन्होंने कहा कि इस देश के स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए वह भी इस क्षेत्र की विधायिका होने के नाते से इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्प हैं। श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए उत्तराखंड के राज्य मंत्री श्याम वीर सैनी ने स्वतंत्रता सेनानी बाबू आसाराम सैनी को श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि उत्तराखंड शासन में राज्य मंत्री होते हुए इस क्षेत्र की उन्नति एवं प्रगति कराना उनका प्रथम लक्ष्य है। इस क्षेत्र के विकास से जुड़े हुए किसी भी कार्य को कराने में वह सदैव आगे बढ़कर योगदान करेंगे। रुड़की से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार व जनपद हरिद्वार के एकमात्र शहीद जगदीश वत्सस के भांजे डॉ. श्री गोपाल नारसन एडवोकेट ने भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनका यह सौभाग्य है कि देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले इस जनपद के एकमात्र शहीद के वह वंशज हैं। उन्होंने कहा कि इस देश के स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के कठोर संघर्षों एवं बलिदानों के कारण ही यह देश आजाद हो पाया था तथा इस देश में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष शासन व्यवस्था को लागू किया गया था। अब इस देश के लोकतंत्र और इसकी संवैधानिक संस्थाओं को बचाने तथा इस देश को मजबूत बनाने का उत्तरदायित्व हमारी पीढ़ी के ऊपर है।

## युवाओं को प्रतिभा निखारने का मिलेगा अवसर: डॉ चंद्रमोहन

**पहासू/बुलंदशहर**/रविवार को पहासू में महालक्ष्मी क्रिकेट अकादमी का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश मंत्री डॉ0 चंद्रमोहन ने फीता काट कर किया।विशिष्ट अतिथि अंडर 19 महिला टीम की कप्तान.भारती उपाध्याय रहीं। इस अवसर पर डॉ0 चंद्रमोहन ने कहा कि भारत द्रोणाचार्य जैसे गुरु तथा एकलव्य जैसे शिष्य का देश है। इस अकादमी से बच्चे क्रिकेट की बारीकियां सीखकर निखरेंगे तथा क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। राजकुमार भारद्वाज ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है।अकादमी में बच्चे क्रिकेट की तकनीकी जानकारी और कौशल प्राप्त कर सकेंगे। अकादमी के कोच राजीव शर्मा ने बताया कि इसमें 8 वर्ष से 20 वर्ष तक के बच्चे प्रवेश ले सकेंगे तथा पढ़ाई के साथ साथ खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर राजकुमार भारद्वाज, विनोद शर्मा,सुकांशु भारद्वाज, संजीव शर्मा,विनीश सेठ,मनोज गर्ग, मलखान सिंह, विनोद शर्मा, प्रदीप शर्मा, गौरव जादौन,राजा शर्मा,पंकेश भारद्वाज, झलक प्रताप आदि मौजूद रहे।

## सी पी आर से मस्तिष्क और अन्य अंगों में ऑक्सीजन युक्त रक्त का प्रवाह जारी रखा जा सकता है: अब्दुल मुद्दसिर खान

वेलकम इंडिया

**संत कबीर नगर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के निर्देश के क्रम में मौलाना आजाद इण्टर कॉलेज, खलीलाबाद में आयोजित समर कैंप के पांचवें दिन बेसिक लाइफ सपोर्ट, सी०पी०आर०, आकस्मिक उपचार विषय एवं उसमें उपयोग की जाने वाली दवाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं लेग्ड रेस का आयोजन किया गया। भारत की टॉप फार्मा कंपनियों में डायरेक्टर के पद पर कार्य कर चुके वर्तमान में प्रवक्ता अब्दुल मुद्दसिर खान ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सी पी आर से मस्तिष्क और अन्य अंगों में ऑक्सीजन युक्त रक्त का प्रवाह तब तक जारी रखा जा सकता है जब तक आपातकालीन चिकित्सा उपचार से हृदय की धड़कन फिर से शुरू नहीं हो जाती। उसके उपरांत लेग्ड रेस का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। लेग्ड रेस में बालक वर्ग में विनय कक्षा 12 ,अंश कक्षा 10 ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा बालिका वर्ग में सुकन्या कक्षा 8, शाहीन कक्षा 7, तन्नू कक्षा 11 ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। समर कैंप के प्रारंभ में वरिष्ठ योग व्यायाम प्रशिक्षक हनुमंत कुमार गुप्ता ने बच्चों को योगाभ्यास एवं व्यायाम सिखाया और बच्चों से अभ्यास भी कराया। इस दौरान प्रधानाचार्य यूनुस अख्तर खान, यूनुस अख्तर खान, कार्यालय सहायक फुजैल अख्तर, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण मो आसिफ, फिरोज खान, सत्य नारायण, कुशलावती, कमलावती, सुशीला, सुभाऊ आदि मौजूद रहे।



## एंटी करप्शन मूवमेंट भारत खुर्जा के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने ली शपथ



वेलकम इंडिया

**खुर्जा।** एंटी करप्शन मूवमेंट भारत द्वारा पंचवटी कम्युनिटी हॉल जंक्शन रोड पर शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी एवं भाजपा नेता एडवोकेट रंजना सिंह मुख्य अतिथि ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर राम दिवाकर,मनोज कुमार प्रजापति, बॉबी सैनी,सचिन शर्मा,कृष्ण गोपाल सर्राफ,संजीव मित्तल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमकार गुप्ता व मुख्य अतिथि एडवोकेट रंजना सिंह के द्वारा सभी मेंबर व पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई। जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा ने आए हुए सभी अतिथि एवं पदाधिकारी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी मेंबर्स एवं पदाधिकारी पूरी ईमानदारी व मेहनत के साथ कार्य करें। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव व एक्टर विपिन सिसोदिया ने किया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष शीलेंद्र सिंह सोलंकी,नगर सचिव मुकुल सक्सेना,जिला सचिव शेखर वर्मा, मीडिया प्रभारी विकास वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता,अतुल गोविल, वीरेंद्र कुमार गुप्ता,योगेश वर्मा, रवि वर्मा, सुनील दत्त, शिशिर गुप्ता, विशाल पोद्दार एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# मंदिर मस्जिद जाने वाले गुजरते गन्दे पानी से

वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** कस्बे में मंदिर मस्जिद जाने वालों को अक्सर गन्दे पानी कींचड से होकर गुजरने को बाध्य होना पड़ता है। लाखों का खर्च कर दिए जाने के बाबजूद श्रृद्धालुओं की समस्या बरकरार है।

कस्बे के प्राचीन नागेश्वर मंदिर को जाने वाले रास्ते पर अक्सर गन्दे पानी कींचड टूटी नालियां नजर आती हैं। मामूली बारिश हो जाने पर तो निकलना तक दूभर हो जाता है लोगों का कहना है कि जब अभी ये हाल है तो मानसूनी बारिश के मौसम में क्या हाल होगा । नागेश्वर मंदिर रोड पर सिर्फ श्रृद्धालुओं को ही परेशान नहीं होना पड़ता बल्कि इस रोड पर एनपीएस पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल तथा श्मशान घाट जाने वालों को भी परेशानी उठानी पड़ती है।ऐसा नहीं है कि नगर पंचायत के सर्वेसवाओं ने समस्या समाधान कराये जाने के लिए कोई प्रयास ही नहीं किया हो। लाखों का खर्च करके यहां तक कि बिना किसी टैंडर प्रक्रिया को अपनाये चहेते ठेकेदारों को काम पर लगाया वो और बात है कि काम पूरा हो जाने के बाद टैंडर छोड़ने की औपचारिकता पूरी कर ली गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। सर्वेसवाओं ने अगस्त 24 में टैडर पास कराये बिना जो सात विकास कार्यों को अपने चहेते ठेकेदारों से पूरा कराया था उनमें यह काम भी शामिल था। शिकायत शासन प्रशासन तक पहुंचीं लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात रहा। यही हाल लुहारान मस्जिद जाने वाले मार्ग पर है। यहां के वाशिंदों को मस्जिद जाने पर लगभग हर रोज कींचड बदबू दार गंदे पानी में से होकर गुजरने को बाध्य होना पड़ता है। यहां के वाशिंदों को नरक से भी बदतर हालात में जीने की आदत सी हो चुकी है। उनका मानना है कि जब कहीं कोई सुनवाई होनी ही नहीं है तो चीखने चिल्लाने से फायदा भी क्या है।



## वंदनम गंगे टीम ने कर्णवास से पौधारोपण अभियान की शुरूआत



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर**/डिबाई माँ भागीरथी सेवा ट्रस्ट कर्णवास की वंदनम्-गंगे टीम ने पर्यावरण संरक्षण जागरुकता अभियान की शुरूआत की। टीम के मुख्य पदाधिकारी वेदप्रकाश एडवोकेट ने बताया कि टीम द्वारा लगातार पिछले सात वर्षों से पौधारोपण अभियान किया जा रहा हैं। साल की पहली बरसात होने पर श्री कल्याणी देवी गंगा घाट के निकट भागीरथी वन में टीम द्वारा पौधारोपण अभियान की शुरूआत की जिसमें टीम के मुख्य पदाधिकारी मौजूद रहे टीम के संस्थापक वेदप्रकाश एडवोकेट ने कहा की वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं और स्वच्छ पर्यावरण हेतु आवश्यक है स्वैच्छिक रूप से पौधारोपण कर पौधारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी।

## ब्लाक स्तर पर गठित होगी माध्यमिक शिक्षक संघ की इकाई:चेत नारायण सिंह

वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक लखनऊ स्थिति प्रदेश कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह व संचालन अनिरुद्ध त्रिपाठी ने किया। प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा कि संगठन शिक्षक निर्वाचन का चुनाव दमदारी से लड़ेगा। प्रदेश के सभी 75 जनपदों पर ब्लाक स्तर इकाई का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्नातक निर्वाचन चुनाव को प्रदेश के सभी इकाइयों पर जनसम्पर्क किया जाएगा। 27 जुलाई को अयोध्या में राज्य परिषद की बैठक आयोजित होगी। 20 जुलाई सदस्यता अभियान की अंतिम तिथि होगी। संगठन इस वर्ष पूरे प्रदेश में 51 हजार शिक्षकों को सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश संरक्षक व एमएलसी राज बहादुर सिंह ने कहा कि इकाई स्तर पर संगठन को मजबूत करके ही हम शिक्षक निर्वाचन का चुनाव जीत सकतें है। मण्डल स्तर पर संगठन की बैठक किया जाएगा। कैत्रीय पदाधिकारी तीन माह में बैठक करेगा। प्रदेश पदाधिकारी अपने मण्डल के अध्यक्ष,मंत्री, जिलाध्यक्ष, मंत्री के साथ जिले में हर महीने बैठक करें। जिला स्तरीय समस्याओं का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रेषित किया जाए। मण्डल स्तर पर संगठन कार्यालय बनाया जायेगा। प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी संतकबीरनगर जनपद के जीपीएफ ब्याज का मुद्दा उठाया और कहा कि ब्याज की धनराशि न मिलने से रिटायर कर्मचारियों को जीपीएफ का भुगतान नहीं हो पाएगा।



## अलका लांबा ने 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' पर कर दी संसद सत्र बुलाने की मांग !

वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली:**अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गलती से ऑपरेशन सिंदूर को ऑपरेशन ब्लू स्टार कह दिया। अलका लांबा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम मांग करते हैं कि ये समय की जरूरत है कि संसद के दोनों सत्रों की शीघ्र बुलाकर ऑपरेशन ब्लू स्टार पर पूरी व्यापक देश को जानकारी सरकार के द्वारा दी जाए। कॉन्फ्रेंस के दौरान अलका लांबा ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सम्मान के साथ राजनीति कर रहे हैं, क्योंकि उनके एक चित्र में उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बैनर पर सेना



अधिकारी की वर्दी में दिखाया गया है। लांबा ने मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की टिप्पणी का भी जिक्र किया, जिन्होंने कहा था कि भारतीय सेना और राष्ट्र दोनों ही पाकिस्तान के आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने नतमस्तक हैं। हालांकि, बाद में अलका लांबा ने अपनी गलती मानी।अलका लांबा ने मानी गलती कांग्रेस नेता अलका लांबा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, आज मेरी प्रेस कांफ्रेंस में जिन मुद्दों को मैंने उठाया, वे इतने गंभीर थे कि ह्लबद-जुबान पार्टीह्व इखढ के नेताओं ने न केवल मेरी बातों को ध्यान से सुना, बल्कि एक-एक शब्द नोट भी किया। इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करती हूं। यदि मेरी जुबान से एक बार ऑपरेशन सिंदूर की जगह कुछ और निकल गया, तो बीजेपी ने उसी चूक को मुद्दा बना लिया जैसे उन्हें सच्चे मुद्दों से ध्यान भटकाने का और मुझे काटने का (मच्छर) बहाना मिल गया हो।

## सशक्त नारी से ही बनेगा सशक्त परिवार और सशक्त राष्ट्र : संखलेचा



वेलकम इंडिया

**बाड़मेर।** विचार से बदलाव की ओर गतिमान सांसियों का तला में महिलाओं व बालिकाओं को हुनरमन्द एवं आत्मनिर्भर बनाने को लेकर महावीर इन्टरनेशनल, बाड़मेर एवं जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को महावीर इन्टरनेशनल, बाड़मेर के अध्यक्ष बाबुलाल संखलेचा, अपेक्स के डिप्टी डायरेक्टर गौतम डूंगरवाल व जन कल्याण संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में 15 दिवसीय निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण का प्रारम्भ हुआ।

संस्थान अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि सांसियों का तला की महिलाओं व बालिकाओं को समय का सदुपयोग करते हुए जीवन में हुनर हासिल कर आत्मनिर्भर बनाने को लेकर रविवार को महावीर इन्टरनेशनल, बाड़मेर एवं जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्रारम्भ का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के आगाज में उपस्थित प्रतिभागियों ने ईश्वर का समरण करते हुए सिलाई का हुनर हासिल करने के साथ-साथ जीवन में विचार कर बदलाव लाने का संकल्प लिया। इस प्रशिक्षण में 120 से अधिक महिलाएं व बालिकाएं निःशुल्क सिलाई का प्रशिक्षण लेने जा रही है। महावीर इन्टरनेशनल, बाड़मेर के अध्यक्ष बाबुलाल संखलेचा ने कहा कि सिलाई का हुनर हासिल करने का यह स्वर्ण अवसर है। आप सभी माताएं-बहिनें मन लगाकर सिलाई का हुनर सीखें और अपने परिवार का सहारा बनें। संखलेचा ने कहा कि एक सशक्त नारी से ही एक सशक्त परिवार और एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। साथ ही महिलाओं को नशा मुक्ति व मांसाहार मुक्ति के प्रेरित किया। कार्यक्रम में सचिव गौतम बोथरा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कान्ता धनदे, दक्ष प्रशिक्षिका दिव्या सांसी आदि ने अपने-अपेन विचार रखे और प्रतिभागियों को हुनर को सीखने के लिए प्रेरित किया तथा जीवन में आई तमाम बुराईयों को दूर करने की बात कहीं। यह निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण महिला मंच, सांसियों का तला की बहनों की देखरेख व निगरानी में रहेगा।

## प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम से मिलती है जोश और प्रेरणा : विधायक विनोद भयाना

वेलकम इंडिया

**हांसी ।मनमोहन शर्मा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रसारण को लेकर आज बूथ नंबर 68 पर एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें विधायक श्री विनोद भयाना ने पार्टी कार्यकताओं के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय जनता और भाजपा कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रधानमंत्री के संदेशों को सुना और आत्मसात किया।

विधायक विनोद भयाना ने इस अवसर पर कहा, ₹प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में निरंतर अग्रसर कर रहा है। ह्यमन की बातह्न न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि यह एक राष्ट्र को जोड़ने वाला माध्यम भी बन चुका है। कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी कार्यकताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की बातों से उन्हें नई ऊर्जा, सकारात्मकता और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की सोच पहुंचाने का एक प्रभावी जरिया है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जनसरोकार से जुड़े विषयों, नवाचारों, युवाओं की उपलब्धियों और भारत की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित विचारों को ध्यानपूर्वक सुना गया। यह आयोजन कार्यकताओं और जनता के लिए एक सजीव अनुभव रहा, जिसमें उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को और भी प्रभावी रूप से निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विधायक विनोद भयाना ने कार्यकताओं से बूथ स्तर पर जनसंपर्क और सेवा कार्यों को और अधिक सक्रियता से करने का आह्वान किया। इस आयोजन ने न सिर्फ प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुँचाया, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण को और भी प्रगाढ़ किया।



## तिरंगा यात्रा निकालकर किया सेना के शौर्य को सलाम




वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** दिव्यांग गौशाला के रोलर स्केटर्स और नगर के आम लोगों द्वारा मिलकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए शनिवार की देर शाम नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस तिरंगा यात्रा में सेवानिवृत्त फौजी भी शामिल हुए जिनका पटका पहनाकर स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा अनूपशहर बाईपास से शुरू हुई। तिरंगा यात्रा के माध्यम से पहलगाम हमले में मारे गए लोगों व ऑपेरशन सिंदूर के तहत शहीद हुए जांबाज सिपाहियों की शहादत को सलाम किया गया। तिरंगा यात्रा कनिष्क शर्मा के नेतृव में निकाली गई जिसमें देशभक्ति के तराने बजते रहे। तिरंगा यात्रा में सबसे आगे रोलर स्केटर्स, उनके पीछे सेवानिवृत्त फौजी, किन्नर समाज और आम नागरिक साथ साथ चल रहे थे।

# आबकारी नियमों की बार बार खुली अवहेलना क्यों : विभागीय चुप्पी

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हनीमैन चौराहे के पास सब्जी मंडी रोड, विराज खंड 4 के गोमती नगर पर अवैध रूप से शराब बिक्री का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। जबकि पहले भी अखबारों में हनीमैन क्या हो रहा है कि निकट ठेके के बारे में खबर प्रकाशित हो चुकी है। यह गंभीर मामला तब और चिंताजनक बन जाता है जब यह स्पष्ट रूप से देखा गया कि क्षेत्र में स्थापित सरकारी देसी शराब ठेकों से प्रातः10:00 बजे से पहले और रात्रि 10:00 बजे के बाद भी धुआंधार शराब की बिक्री चोरी-छिपे जारी है– जो कि सीधे तौर पर उत्तर प्रदेश आबकारी नियमावली का उल्लंघन है। पहले भी पिछले सप्ताह दैनिक समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद भी विभाग द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है।इसीलिए यह लोग धड़ल्ले से ?90 का क्वार्टर डेढ़ सौ रुपए में बेच रहे हैं। आबकारी विभाग की लापरवाही और कार्रवाई न करने के कारण यह लोग चोरी छुपे शराब बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं। देसी शराब का ठेका जो की हनीमैन चौराहे के पास सब्जी मंडी रोड, विराज खंड 4 के गोमती नगर में है इनका देसी शराब बेचने का कारोबार अवैध रूप से प्रातः 10:00 बजे से पहले एवं रात्रि 10:00 के बाद जोर शोरों से चोरी छुपे चलता है इन लोगों को ना तो आबकारी विभाग का और न ही पुलिस का किसी प्रकार का कोई भय नहीं है। जब तक विभाग द्वारा भारी रकम पर दंड नहीं लगाया जाएगा तब तक यह लोग शराब बेचने से बाज नहीं आएंगे। स्थानीय सूत्रों एवं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इन अवैध गतिविधियों की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारी व उच्च अधिकारियों को दी गई, परंतु उनके द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। इससे न केवल अवैध माफियाओं के हौसले बुलंद हो रहे हैं, बल्कि यह भी संदेह उत्पन्न होता है कि कहीं विभागीय मिलीभगत तो नहीं? उत्तर प्रदेश आबकारी नियमों के अनुसार शराब की बिक्री केवल निर्धारित समयावधि– प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक – के भीतर ही की जा सकती है। सुबह 6:00 बजे से ही शराब बिक्री शुरू हो जाती है और देर रात तक यह सिलसिला जारी रहता है। हनीमैन चौराहे के निकट यह स्थिति विशेष रूप से गंभीर है।इस देसी शराब विक्रेता से स्थानीय नागरिक भी काफी डरे रहते है बातचीत करने पर पता चला की पूरी रात शराब बिकती है। अवैध तरीके से शराब बेचने के कारण क्षेत्रीय जनता में आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि शराब की अवैध बिक्री से न केवल युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है बल्कि क्षेत्र में अपराध भी बढ़ते जा रहे हैं। स्थानीय सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि आबकारी विभाग के अधिकारियों, विशेषकर निरीक्षकों की भूमिका है क्योंकि इन दोषि लोगों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जाती है।

## किराएदार व नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं: पुलिस अधीक्षक हांसी श्री अमित यशवर्धन

वेलकम इंडिया



**हांसी** ।पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन भा.पु.से. ने बताया कि घरों में रह रहे किरायेदारों, फैक्ट्री, दुकानों, होटल, ढाबा इत्यादि पर काम कर रहे व्यक्तियों की पुलिस वेरीफिकेशन जरूर करवाएं।

क्योंकि कुछ अपराधी किस्म के लोग बाहर से आकर किराए पर रहकर अपराधों को अंजाम देकर भाग जाते हैं। उनका रिकॉर्ड ना तो मकान मालिक, ढाबा व होटल मालिक के पास होता और ना ही पुलिस के पास होता है। अगर पुलिस के रिकॉर्ड में पहले से जानकारी हो तो अपराधी की पहचान करने व पकड़ने में आसानी हो जाती है।किराएदार और नौकर का सत्यापन करवाने से आपको पता लग जाता है कि यह व्यक्ति जो आपके पास किराएदार है। वह किस प्रवृत्ति का है इसलिए कड़ी सुरक्षा के तहत इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए किराएदार व नौकरों का रिकार्ड सत्यापन जरूर करवाकर संबंधित पुलिस थाना में रिकॉर्ड जमा करवाने में पुलिस का सहयोग करें। हर समय पोर्टल व सरल केंद्र पर जाकर भी वेरिफिकेशन करवा सकते हैं पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया कि जिला के सभी व्यापारिक संस्थान, उद्योग संस्थान,फैक्ट्री, होटल, ढाबा रेस्टोरेंट व ठेकेदार के पास जितने भी कर्मचारी हैं। उनकी वेरीफिकेशन करवा कर ही काम पर रखे। इनका रिकॉर्ड संबंधित थाना, चौकी में जमा करवाएं तथा जो लोग आपके पास काम कर रहे हैं उनका आधार कार्ड भी पुलिस के पास होना चाहिए। कोताही बरतने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कोई भी अपराध में शामिल पाया जाता है तो उसके मालिक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जावेगी। सुरक्षा की दृष्टि के साथ-साथ और जिम्मेदार नागरिक होने के नाते वेरिफिकेशन जरूर करवाएं क्योंकि ऐसा करने से समाज सुरक्षित रहेगा।

## खंड विकास अधिकारी शिवगढ़ द्वारा गो-शालाओं का औचक निरीक्षण



विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

प्रतापगढ़ (24 मई 2025) खंड विकास अधिकारी शिवगढ़ श्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा विकास खण्ड शिवगढ़ अंतर्गत स्थायी गो-शाला खमपुरदूबेपट्टी एवं अस्थायी गो-शाला सिंगाही का औचक निरीक्षण किया गया।खमपुरदूबेपट्टी गो-शाला निरीक्षणः निरीक्षण के समय पशु चिकित्सा अधिकारी, सचिव एवं केयर टेकर उपस्थित रहे। खंड विकास अधिकारी ने बीमार पशुओं की समुचित देखभाल हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीमार पशुओं को सिक शेड में ही रखा जाए, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, पशुओं को धूप से बचाया जाए तथा स्वच्छ एवं ठंडे जल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।सिंगाही गो-शाला निरीक्षणः इस गो-शाला में निरीक्षण के दौरान सचिव एवं केयर टेकर उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान एक अतिरिक्त शेड तथा पानी की टंकी का निर्माण कार्य प्रगति पर पाया गया, जिसे एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। यहां भी बीमार पशुओं के लिए सिक शेड, स्वच्छता, धूप से बचाव तथा ठंडे एवं स्वच्छ जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## पोएट्री विद मोहिनी द्वारा 1 जून को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

वेलकम इंडिया




**नई दिल्ली।** राजधानी की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था पोएट्री विद मोहिनी के तत्वावधान में कैंसर पीड़ितों की सहायतार्थ 1 जून को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इंदिरापुरम स्थित ह्लकला आकार स्टूडियोह्व में होने वाले इस विशाल कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वाराणसी के प्रसिद्ध गजलकार गोपाल केशरी करेंगे एवं मुख्य अतिथि के रूप में वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, अंतर्राष्ट्रीय लेखक - पत्रकार ,विचारक डॉ. शम्भू पंवार ,अति विशिष्ट अतिथि गोंदिया महाराष्ट्र से एडवोकेट देवेंद्र चौधरी, विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार एवं समाजसेविका डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा गीत ,दिल्ली एवं गोल्डी गीतकार इंदिरापुरम गाजियाबाद से रहेंगे ।पोएट्री विद मोहिनी की संस्थापिका साहित्यकार, कवयित्री डॉ.सुमन मोहिनी सलोनी ने बताया कि ह्लएक कदम समाज सेवा की ओरह्व के अंतर्गत संस्था ने कैंसर पीड़ितों की सहायतार्थ अखिल भारतीय स्तर का विशादल कवि सम्मेलन का आयोजन कराया जा रहा है।इस कार्यक्रम में ओर स्वेच्छा से सहयोग करने वाली पूरी राशि कैंसर पीड़ितों को प्रदान की जाएगी। डॉ.सुमन मोहिनी ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक समिति गठित की गई है जिसमें सह संस्थापक ऋषि मौर्य , मुख्य सलाहकार अभिषेक मिश्रा, मीडिया प्रभारी सुभाष श्रीवास्तव, संयोजक सैय्यद बदरूद्दुजा, शिवम बर्मन और भारत मौर्य हैं। कार्यक्रम के प्रायोजक राजस्थान के प्रमुख वस्त्र व्यवसायी, मरुधर टेक्सटाइल के मालिक अजय कुमार जैन, विजय नगर अजमेर सपत्नीक मौजूद रहेंगे। संस्था के सभी सदस्य तैयारी में लगे है। इस मौके पर कार्यक्रम में कवि डॉ राम बालक उपाख्य राम सिंह हलचल ह्व के काव्य संग्रह ₹ एहसासों का नूर₹ का अतिथियों द्वारा लोकार्पण किया जाएगा । कवि सम्मेलन में दिल्ली से ऋतु रस्तोगी ' कहकशाँ' , संगीता अहलावत, जाह्नवी , प्रीति कादयान, गाजियाबाद से मीनाक्षी शर्मा 'मनुश्री', गुरुग्राम से मधूलिका तिवारी , अरूण महाजन, मुंबई से अनुप्रिया देशमुख, जबलपुर से अविनाश भटकर 'मशरूर', झांसी से पुष्पेंद्र 'पुष्प ', बीगोद राजस्थान से टीवी फेम नवीन जैन नव, ग्रेटर नोएडा से सत्य मोहन सक्सेना 'सत्यम ', अलीगढ़ से वीरेंद्र सिंह कौशल, गाजियाबाद से पी के शायर, दयाराम खोरवाल, सुधा बसोर सौम्या, नयीम हिंदुस्तानी, रंजन शर्मा और ईशा भारद्वाज, नोएडा से विमल कुमार बेबी, कोशांबी से सतवीर चौधरी, रजनी बाला, प्रमोद प्रजापति, हशमत भारद्वाज, उत्सव त्यागी, शिवानी स्वामी, आरजू , देवेश अवस्थी, प्रभात कुमार पांडे, प्रेम दक्ष, कामिनी समदर्शी, अनाम परवीन, अरुण कुमार अरुण, प्रदीप कुमार, प्रियांशु नेगी सागर नवोदित प्रवीण रंजन ,सत्येंद्र जाखड़ सहित दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़, आदि राज्यों के नामचीन कवि शिरकत करेंगे।

## बरेली को बंदरों से मिलेगी मुक्ति !



वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** शहर में बढ़ते बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए सामाजिक संस्था ₹सक्षम₹ ने ठोस पहल की है। संस्था के पदाधिकारियों ने रविवार को प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार को एक ज्ञापन सौंपकर बंदरों को पकड़वाकर जिला पीलीभीत के माला के जंगल में छुड़वाने की मांग की। मंत्री ने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए तुरंत मुख्यमंत्री को अग्रसारित कर दिया और जल्द कार्रवाई का भरोसा भी दिलाया। दरअसल शहर के विभिन्न मोहल्लों में बंदरों की बढ़ती संख्या आम लोगों के लिए मुसीबत बन चुकी है। कई क्षेत्रों में बंदरों द्वारा बच्चों व बुजुर्गों पर हमला, घरों में घुसपैठ और छतों पर उत्पात जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। बिजली की तारों से छेड़छाड़ से हादसों की आशंका भी बनी रहती है। इस समस्या को लेकर नागरिकों में आक्रोश है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए अब सक्षम संस्था ने सुझाव दिया है कि बंदरों को नुकसान पहुंचाए बिना उन्हें पकड़वाकर जिला पीलीभीत के माला के जंगल में छोड़ा जाए, जहां वे अन्य वन्य जीवों की तरह सुरक्षित व संरक्षित जीवन बिता सकें।

## 96 छात्रों को फेल करने में मेडिकल कॉलेज दोषी करार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज, बंथरा (शाहजहांपुर) में एमबीबीएस अंतिम वर्ष के 96 छात्रों को जनरल मेडिसिन के प्रैक्टिकल में जानबूझकर फेल करने का मामला सामने आया था। इस मामले में रुहेलखंड यूनिवर्सिटी ने कड़ा रुख अपनाते हुए न सिर्फ दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई की है, बल्कि कॉलेज को भी दोषी ठहराते हुए प्रति छात्र 10 हजार रुपये के हिसाब से जुमार्ना लगाया है। यूनिवर्सिटी ने यह स्पष्ट किया है कि छात्रों से इस परीक्षा के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। आपको बता दें कि कॉलेज के 141 छात्रों में से 96 को एक ही विषय में फेल किया गया था। छात्रों ने जब इस पर आपत्ति जताई और यूनिवर्सिटी को शिकायत भेजी, तब इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए कुलपति प्रो के पी सिंह के निर्देश पर एक जांच समिति गठित की गई। समिति की रिपोर्ट में यह सामने आया कि आंतरिक परीक्षकों ने निजी रंजिश के चलते छात्रों को जानबूझकर फेल किया। इतना ही नहीं, कॉलेज प्रशासन ने छात्रों की शिकायतों को लगातार नजर अंदाज किया और संबंधित शिक्षक को ही नंबर अपलोड करने की जिम्मेदारी सौंप दी। जांच के बाद यूनिवर्सिटी ने सख्त कदम उठाते हुए विभागाध्यक्ष डॉ धनकर ठाकुर की सेवा समाप्त कर दी, जबकि आंतरिक परीक्षक डॉ विवेक कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया गया।

## विश्व थायराइड दिवस के अवसर पर यूपीएचसी सीबीगंज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के मार्गदर्शन में विश्व थायराइड दिवस के अवसर पर अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य थायराइड स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इसके लक्षणों और उपचार के बारे में जानकारी प्रदान करना था।प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधु गुप्ता ने इस अवसर पर अपने विचार साझा किए।उन्होंने कहा कि थायराइड विकार एक आम स्वास्थ्य समस्या है जो किसी भी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती है। इसके लक्षणों को पहचानना और समय पर उपचार करना बहुत जरूरी है। डॉ. मधु गुप्ता ने आगे कहा कि थायराइड विकार के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को इसके लक्षणों और उपचार के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए हमें निरंतर प्रयास करना होगा। हमें अपने आहार और जीवनशैली में बदलाव करके थायराइड स्वास्थ्य को बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। इस कार्यक्रम में हिर्देश, मनमोहन, सरिता, श्रवण, सूरज और मोनू ने थायराइड स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बारिश में आफत बनकर गिरी आकाशीय बिजली, किसान की मौत

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** रविवार सुबह तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली बहेड़ी क्षेत्र के सकरस गांव में एक परिवार पर कहर बनकर टूटी। खेत की ओर गए राजेंद्र श्रीवास्तव (40 वर्ष), पुत्र स्व. मदनलाल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है, वहीं राजेंद्र के घर में कोहराम मचा हुआ है। रविवार सुबह करीब 9 बजे जब तेज बारिश हो रही थी, उस दौरान राजेंद्र किसी जरूरी काम से खेत की ओर गये थे। उसी समय अचानक तेज गर्जना के साथ बिजली गिरी और वे उसकी चपेट में आ गए। खेत में मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत दौड़कर सहायता का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इस घटना की सूचना मिलते ही थाना बहेड़ी की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। तहसील प्रशासन की टीम ने भी गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और हादसे की जानकारी ली। राजेंद्र की असामयिक मौत से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। ग्रामीणों और परिजनों ने शासन से मुआवजे की मांग की है।

# बुद्धेश्वर में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

वेलकम इंडिया




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बुद्धेश्वर चौराहे पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का कार्यालय उद्घाटन पार्टी के उपाध्यक्ष विमल और अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों ने बताया कि पार्टी पूरे प्रदेश में उच्च स्तर पर पदाधिकारी संगठन बनाने का प्रयास कर रही है। पार्टी के उपाध्यक्ष विमल ने बताया कि कार्यालय का मुख्य उद्देश्य जिला पदाधिकारियों का संगठन एवं बैठक सुनिश्चित करना और पार्षद चुनाव की तैयारी करना है। मासिक बैठक कार्यालय पर हर महीने होगी और पार्टी ग्राम सभा के चुनाव के लिए भी तैयारी में लगी हुई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमनमणि कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष श्रम प्रकोष्ठ रितेश मल्ल, राष्ट्रीय सचिव मुस्ताक अहमद, प्रदेश प्रवक्ता मनीष मिश्रा, जिला अध्यक्ष विमल शर्मा सभी पदाधिकारी ने अपनी अपनी विचारधारा को बताया कहा कि पार्टी विचारधारा की लड़ाई है और कार्यकर्ता घर-घर तक लोगों से संपर्क करके योजनाएं जन-जन तक पहुंचाएंगे। पार्टी गरीब लोगों की हर तरह से मदद करेगी। कार्यक्रम में सम्राट, ?आदेश पांडे, भारत, अमन, संतोष सिंह, संतोष पाल, अनिकेत, अभिषेक, बबलू, अविनाश, विवेक, आदेश, आलोक पांडे आदि लोग उपस्थित रहे। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का कार्यालय उद्घाटन लखनऊ में एक महत्वपूर्ण कदम है जो पार्टी को मजबूत बनाने और गरीब लोगों की मदद करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

# मुर्दों की बस्ती पर दो बिरादरी के लोगों का हंगामा प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**कांधला।** **मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में कब्रिस्तान की भूमि पर खड़े पॉपुलर के पेड़ काटने को लेकर अलग-अलग बिरादरी के दो पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों ने कब्रिस्तान की भूमि को पुश्तैनी बताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। अंसारी समाज के लोगों ने मंसूरी समाज के लोगों पर हाथों में लाठी डंडे लेकर उनके दो लोगों के साथ बंधक बनाकर मारपीट करने व दहशत फैलाने का आरोप लगाते हुए गांव में प्रदर्शन कर भूमि से कब्जा हटवाने की मांग की है। रविवार को थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी अंसारी समाज के नासिर, राशिद ,आबिद, शौकीन, आलीशान,अमीरहसन, नफीस ,मोमीन, आस मोहम्मद, कय्यूम ,अनीस, जमील, सहित सैकड़ों लोगों ने गांव में हंगामा प्रदर्शन करते हुए बताया कि गांव में उनके पुश्तैनी कब्रिस्तान स्थित है जिन पर उनके बुजुर्गों को दफनाया गया है।उनके कब्रिस्तान के समीप मंसूरी समाज के भी कब्रिस्तान स्थित है।आरोप है कि वह वर्ष 2015 से अपनी कब्रिस्तान की भूमि से पॉपुलर के पेड़ लगाते हुए पूर्ण होने पर काटते आ रहे हैं। पूर्व की भांति भी अंसारी समाज ने गत दिवस शनिवार को अपने पॉपुलर के पेड़ काट रहे थे आरोप है कि तभी मंसूरी समाज के एक दर्जन से भी अधिक लोग हाथों में लाठी डंडे लेकर पहुंचे और उनके दो लोगों को जबरन बंधक बना लिया और उनके साथ जमकर मारपीट की। और उनके पॉपुलर के पेड़ अपने कब्जे में लेते हुए उनकी कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया।अंसारी समाज के लोगों का आरोप है की रात्रि में मंसूरी समाज के एक दर्जन से भी अधिक लोगों ने हाथों में लाठी डंडे लेकर गांव में दहशत फैलाने का कार्य किया। दूसरे पक्ष मंसूरी समाज के अय्यूब ,मंजूरा, हारून, समीम, शाहिद, इरशाद, शहजाद, जाहिद सहित आदि लोगों ने अंसारी समाज के लोगों पर उनके पुश्तैनी कब्रिस्तान की भूमि से जबरदस्ती पेड़ काटने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से वार्ता करने के बाद झगड़ा करने पर सख्त चेतावनी दी और दोनों पक्षों से कब्रिस्तान की भूमि के कागजात की मांग की।

# लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट उपुचनाव : आज चुनाव की घोषणा होते ही चढ़ा सियासी पारा उम्मीदवारों ने झौंकी ताकत

**वेलकम इंडिया**

**वरिष्ठ पत्रकार राजेश कोछड़**

**लुधियाना** –केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का ऐलान कर दिया गया है। जिसमें पंजाब की लुधियाना विस सीट शामिल है जहां पर अब 19 जून को संबंधित हलके के मतदाता अपने पंसदीदा उम्मीदवार को वोट डालकर उसे पंजाब विधानसभा की सीढ़ियां चढायेंगे। आयोग के ऐलान के बाद पंजाब विशेष लुधियाना का सियासी तापमान एकदम बढ़ गया है। हालांकि यहां पर आम आदमी पार्टी द्वारा सबसे पहले अपने उम्मीदवार के तौर पर राज्यसभा सदस्य एवं प्रमुख उद्योगपति संजीव अरोड़ा को चुनाव मैदान में उतार कर राजनीतिक सरगर्मियों की शुरूआत कर दी थी लेकिन अब चुनाव की तिथि का ऐलान



होने के बाद महानगर सियासी रंग में रंग गया है। लुधियाना पश्चिम की बात करें तो विधानसभा हलके में हर वोटर पार्टी व उसके कैंडिडेट की चर्चा करता दिख रहा है। आप के संजीव अरोड़ा के अलावा यहां पर कांग्रेस ने भारत भूषण आशू व शिअद ने एडवोकेट परोउपकार सिंह घुम्मण को चुनावी समर में भेजा हुआ है। भाजपा द्वारा उम्मीदवार का चयन न कर पाना, पार्टी की ईमेज को भारी नुकसान दे रहा है। राजनीतिक पंडितों



का मानना है कि आप ने तीन महीने पहले ही लुधियाना से राज्सभा सदस्य संजीव अरोड़ा को अपना उम्मीदवार घोषित करके एक तीर से कई निशाने साधे। अरोड़ा बड़े कारोबारी होने के कारण महानगर में अपनी अलग पहचान रखते है। राज्यसभा का सदस्य बनने के बाद से ही उनके द्वारा अपने केंद्रीय लिंक का इस्तेमाल करके पहले से ही लुधियाना की इंडस्ट्री के मुद्दों को न केवल केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष लाया जा रहा था बल्कि



कई महत्वपूर्ण मसलों को राज्सभा में उठाया गया। जिसकी सीधी छाप लुधियानवियों के दिलो-दिमाग पर पड़ी दिखी। इसके अलावा अरोड़ा के सियासी कनेक्शन भी लुधियाना पश्चिम में चर्चित रहे है। इसी सीट पर पूर्व में एमएलए को विधानसभा की सीढ़ी चढ़ाने में अरोड़ा की भूमिका जगजाहिर रही है। आप ने इस बात का अंदाजा भी लगाने में भी यकीनन सफल रही है कि लुधियान पश्चिम में भाजपा के हिंदू वोट बैंक को काट लगाने में संजीव अरोड़ा से बेहतर कोई उम्मीदवार नहीं हो सकता है। एक हिंदू चेहरा होने के कारण भी अरोड़ा सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं में मिलनसार शख्स के रूप में देखे गए। भाजपा द्वारा अभी तक अपना उपयुक्त कैंडिडेट न चयन कर पाने के पीछे उपरोक्त एक समीकरण भी हो सकता है। कांग्रेस व भाजपा के लिए उपचुनाव जीतने के लिए बाहरी के अलावा अपना से भी जूझना पड़ रहा है। कांग्रेस की बात करें तो पार्टी कैंडिडेट भारत भूषण आशू व राजा वडिंग में छत्तीस का आंकड़ा किसी से छिपा नहीं है। यही कारण है कि अभी तक जिला प्रधान संजय तलवाड ग्रुप व सिमरजीत सिंह बैंस ग्रुप के अलावा लोकल लेवल के दूसरे हलको के पूर्व एमएलए व दिग्गज नेता पार्टी उम्मीदवार के हक में अभी तक कहीं उतरे नहीं आ रहे है।

# ट्यूशन पढ़ने जा रही छात्रा के साथ मनचलों की छेड़छाड़, पुलिस ने एक को हिरासत में लिया

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** ट्यूशन पढ़ने जा रही छात्रा के साथ बाइक सवार तीन मनचलों ने छेड़छाड़ की हरकत करते हुए मोबाइल नंबर की मांग की छात्रा ने शोर मचा दिया। आसपास के लोगों ने पुलिस की मदद से एक आरोपी को पकड़कर हिरासत में ले लिया, दो आरोपी मौके से फरार हो गए आरोपियों के भागने का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। रविवार को कस्बा निवासी छात्रा अपनी सहेलियों के साथ नगर के एक कोचिंग सेंटर पर ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रही थी। आरोप है कि बाइक सवार मनचले आए दिन छात्रा का पीछा करते हुए परेशान कर रहे थे। जैसे ही छात्रा कस्बे के जैन स्थानक के समीप पहुंची तो बाइक पर सवार तीन मनचलों ने छात्राओं के आगे ओवरटेक करते हुए बाइक खड़ी कर दी और एक छात्रा का हाथ पकड़ कर जबरदस्ती मोबाइल नंबर की मांग की। छात्रा ने हिम्मत जुटाते हुए बाजार में तैनात पुलिस कर्मियों को आवाज लगाते हुए पुलिस अंकल, पुलिस अंकल कहकर सुरक्षा की गुहार लगाई। पुलिस कर्मियों को आता देख आरोपी भागने का प्रयास करने लगे मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने मौके पर दो युवकों को पकड़ लिया। एक आरोपी पुलिसकर्मी के चंगुल से छूटकर फरार हो गया और अपने दूसरे अन्य साथी के साथ भाग खड़ा हुआ। दोनों आरोपी मनचलों के भागने की पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर अपने साथ थाने ले गई। पुलिस अन्य दोनों मनचलों की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ करने के बाद दोनों अन्य फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।छात्राओं की ओर से कोई भी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाएगा।

# गिरिराज धाम में धूम धाम से निकली महाराणा प्रताप की जयंती शोभायात्रा




**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** डीग अड्डा स्थित महाराणा चौक स्थित उन्नति कार पार्किंग में शोभायात्रा का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह, ठाकुर किशोर सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लम्बरदार आदि ने महाराणा प्रताप व भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया। कस्बा में जगह जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। नगर पंचायत कार्यालय पर क्षेत्रीय विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह के साथ शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर व तस्वीर पर माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर सपा नेता ठाकुर किशोर सिंह, क्षत्रिय महासभा नेता ठाकुर मुकेश सिंह सिकरवार, दिनेश ठाकुर बेरी वाले, एन पी सिंह राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष ठाकुर परशुराम सिंह, नगर पंचायत सभासद संजय लवानिया, धर्मेंद्र सिंह उर्फ हंडू भैया, अमित गोस्वामी, पूर्व सभासद ठाकुर मोनू सिंह, गोविंदा सिंह, बिहारी ठाकुर, फतेह सिंह जसावत, पंकज ठाकुर, भारत सिंह सिसोदिया एडवोकेट, सभासद प्रतिनिधि दिगंबर सिंह, चंद्रभान चौधरी, नरसिंह बघेल एडवोकेट, रिंकू सिंह, ठाकुर चौहल सिंह, पवन सिंह, गिरधारी राजपूत, प्रकाश सिंह, जयपाल सिंह पूर्व सभासद, महावीर सिंह, गिरिराज जसावत, टीकम सिंह पान वाले, विष्णु जसावत टोपी वाले, हीरालाल ठाकुर, ठाकुर गोविंद सिंह आदि सहित सैंकड़ों की संख्या क्षत्रिय व अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

# सेवा और संस्कार का संगम : अरोड़ा-खत्री समाज ने मनाई महाराजा अरूट जयंती

**वेलकम इंडिया**

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** अरोड़ा-खत्री समुदाय द्वारा महाराजा अरूट की पावन जयंती पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन कर महाराजा अरूट को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रक्तदान शिविर रहा, जिसमें युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर हिसार के मंडल आयुक्त अशोक गर्ग ने शिरकत की एवं विशिष्ट अतिथि के तौर हिसार के मेयर प्रवीण पोपली एवं पूर्व मेयर गौतम सरदाना ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शिविर में एक बजे तक 50 से अधिक यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित होगा। समाज के वरिष्ठजनों ने एवं ऊषा किरण भारती ने महाराजा



अरूट के जीवन एवं उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला और युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल धार्मिक श्रद्धा नहीं, बल्कि समाजसेवा और एकता का संदेश फैलाना भी रहा। सभा के प्रधान मेहरचंद मनचंदा ने बताया कि अरोड़ा-खत्री समाज न केवल परंपराओं का पालन करता है, बल्कि समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को भी पूरी निष्ठा से निभाता है। इस मौके पर आई.डी. मनचंदा, हरीश जुनेजा, भजनलाल अरोड़ा, जितेंद्र भारती, गगन ओबेरॉय, दर्शन रहेजा, डिम्पी कथूरिया, लीला कृष्ण चोपड़ा, मोहित चुघ, टीनू आहूजा, राजकुमार बजाज, महेंद्र टुटेजा, सुरेश कक्कड़, बिशम्बर गावडी, अशोक पाहवा, भारत मेहता, अनुराग ग्रोवर, विनय निझावन, हेमंत नागपाल, संदीप बांगा, पंकज नंदा आदि उपस्थित हुए।

# एसएसपी के आदेशानुसार थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में की गयी पीस कमेटी की मीटिंग



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात श्री नीरज मलिक द्वारा थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत घटित जातिय घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए तनाव कम करने, आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाये रखने हेतु ग्राम खेतलपुर भांसौली मे सर्व-समाज की बैठक आयोजित की गयी जिसमे ग्राम के सभी वर्गो के लोगों द्वारा भाग लिया गया। गोष्ठी मे उपस्थित अधिकारीगण द्वारा सभी लोगो से मिलजुल कर रहने तथा तनाव को समाप्त करते हुए आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाये रखने की अपील की गयी जिस पर गोष्ठी मे मौजूद सभी वर्गो के संभ्रान्त लोगो द्वारा मिल जुलकर रहने व गांव मे शान्ति बनाये रखने का आश्वासन दिया गया।

# संघर्षों से भरा रहा अहिल्याबाई होलकर का जीवन : भाजपाई

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस।** पुण्यश्लोक लोकमाता देवी रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा जिला कार्यालय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

जिसमें अहिल्याबाई होलकर द्वारा कराए गए सेवा, गौरवमयी सुशासन, धर्मार्थ और ऐतिहासिक कार्यों को दशार्या गया,प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में हुआ था। उनके 30 वर्ष के कार्यकाल को सुशासन, न्यायप्रियता, सामाजिक समरसता,




धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के कार्यों के लिए जाना जाता है, सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर ने काशी विश्वनाथ से लेकर सोमनाथ मंदिर तक देशभर के लगभग 10 हजार मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया था। सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने समाज में व्याप्त तमाम तरह की कुरीतियों का विरोध किया और समाज को एक नई दिशा प्रदान की। हम सबको उनके जीवन को विषय में पढ़ना चाहिए।

# समाज सेविकाओं द्वारा प्रदान की गई बालिका को साइकिल



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** गिर्राज रेजिडेंसी के प्रांगण मे समाज सेविकाओं द्वारा बालिका को साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम का आरंभ गणेश जी के समक्ष मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष ममता भारद्वाज, लक्ष्मी नगर की पार्षद श्रीमती सोनू गौड़, मीनाक्षी राज वर्मा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर ममता भारद्वाज जी ने कहा कि जो व्यक्ति दूसरों को सहारा देता है उसे अपने लिए सहारा मांगना नहीं पड़ता परमात्मा स्वयं उसे दे देता है इस कार्यक्रम से जुड़े सभी को मैं धन्यवाद देती हूं कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित होते रहे। ममता भारद्वाज ,सोनू गौड़ ,मीनाक्षी राज वर्मा , पुष्पा मलिक जयमाला , विजय भारती, नीरज सिंह , पूनम शर्मा आदि ने बालिका को साइकिल प्रदान कर प्रोत्साहित किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक मीनाक्षी राज वर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद देते हुए कह कि उनका उद्देश्य जरूरतमंद की सेवा करना है ,यह सेवा का कार्य सभी के सहयोग से किया जा रहा है ।

# अस्थि विसर्जन के बाद गंगा में डूबे अमेठी के तीन लोग, डलमऊ घाट पर मचा कोहराम

**वेलकम इंडिया**

जगदीशपुर अमेठी रायबरेली जिले के डलमऊ स्थित शिवाला घाट पर रविवार को अस्थि विसर्जन के दौरान एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब गंगा नदी में नहाते समय अमेठी से आए एक ही परिवार के तीन सदस्य डूब गए। हादसे में दो पुरुष और एक किशोरी की मौत हो गई, जबकि एक अन्य को समय रहते बचा लिया गया जानकारी के अनुसार, अमेठी जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पालपुर गांव से एक परिवार अपने दिवंगत परिजन की अस्थियों का विसर्जन करने रायबरेली के डलमऊ घाट पहुंचा था। परिवार के साथ कुल नौ लोग मौजूद थे। अस्थि विसर्जन के बाद सभी गंगा में स्नान करने लगे। स्नान के दौरान चंद्र कुमार कौशल (60), बाल चंद्र कौशल (42) और 17 वर्षीय आर्या अनजाने में गहरे पानी में चले गए जब तीनों ने डूबने का एहसास किया



तो उन्होंने शोर मचाना शुरू किया। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोग मदद के लिए दौड़े, लेकिन तब तक वे पानी में समा चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। थोड़ी ही देर में तीनों के शव बरामद कर लिए गए इस दुखद हादसे की खबर मिलते ही अमेठी स्थित उनके घर में कोहराम मच गया। परिवारजन बेसुध हो गए और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया गया है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हृदयविदारक दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। साथ ही घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के निर्देश भी दिए हैं।

# ऑडिट फॉर्म में बदलाव, सीए हुए तैयार! कई मुद्दों पर हुई चर्चा और उसके समाधान पर दिया गया जोर

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस।** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन रविवार को रमोजी रिजॉर्ट्स, अलीगढ़ रोड, हाथरस में किया गया। इस सेमिनार का विषय था ह्लफॉर्म 3सीडी नए बदलाव एवं गैर-कारपोरेट संस्थाओं के नया वित्तीय विवरणह्व। इस सेमिनार का आयोजन ह्लद इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडियाह्व की मथुरा शाखा द्वारा किया गया। इस सेमिनार में प्रमुख वक्ता के रूप में आगरा से वरिष्ठ सीए. राकेश




अग्रवाल ने भाग लिया। इस सेमिनार में ऑडिट फॉर्म 3सीडी के बारे में चर्चा हुई और लोगों को इस फार्म के साथ जो प्रैक्टिकल समस्याएं आती है उनका समाधान किया गया। और नॉन कॉर्पोरेट एंटिटीज की नई फाइनेंशियल स्टेटमेंट के नए प्रारूप के बारे में प्रवक्ता सीए राकेश अग्रवाल जी ने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से नया प्रारूप सभी के लिए अनिवार्य हो गया है। यह सेमिनार दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक आयोजित हुआ,कार्यक्रम का सफल संचालन मथुरा शाखा के उपाध्यक्ष सीए लोकेश वार्ष्णेय द्वारा किया गया।

सेमिनार में बड़ी संख्या में हाथरस के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया।

# अमेठी जगमग रोशनी से रोशन होंगे गांव, सांसद किशोरी लाल शर्मा ने भेजा 1121 सोलर लाइटों का प्रस्ताव



**वेलकम इंडिया**

**अमेठी।** लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अंधेरे से निजात दिलाने की दिशा में सांसद किशोरी लाल शर्मा ने एक ठोस और दूरदर्शी कदम उठाया है। उन्होंने अपनी सांसद निधि से 1121 सोलर स्ट्रीट लाइटें लगवाने का प्रस्ताव विकास विभाग को भेजा है। यह पहल जहां ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देगी, वहीं रात्रिकालीन सुरक्षा, आवागमन और सामाजिक गतिविधियों में उल्लेखनीय सुधार लाएगी। सांसद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्य उत्तर प्रदेश स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड (वढरकउ), प्रयागराज के माध्यम से कराया जाएगा। संस्था द्वारा तैयार तकनीकी एस्टीमेट को विकास विभाग को भेजा गया है। अनुमोदन के बाद संबंधित कार्यदायी संस्था को धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी ताकि कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो सके। परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव ने बताया कि प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। ब्लॉकवार विवरण के अनुसार, बाजार शुकुल व जगदीशपुर में 143, भेटुआ, भादर, संग्रामपुर व अमेठी में 287, तिलोई, सिंहपुर व बहादुरपुर में 241 और गौरीगंज व शाहगढ़ में 275 सोलर स्ट्रीट लाइटें प्रस्तावित हैं। इन लाइटों की स्थापना से ग्रामीण गलियों, चौराहों, विद्यालयों, मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर रात्रिकालीन रोशनी सुनिश्चित होगी।

इसके अतिरिक्त सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अमेठी क्षेत्र के प्रमुख हाईवे के चौड़ीकरण व उन्नयन के लिए भी प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जिससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था और संपर्क क्षमता को मजबूती मिलेगी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों को लेकर डीएम एसपी के साथ की बैठक

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रट सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष ने कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारियों को लेकर जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0 व पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन के साथ बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी राजा गणपति आर0 ने स्वागत भाषण के सभी का अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक में कहा भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं का कार्य मेरी पहली प्राथमिकता है प्रशासनिक स्तर पर पार्टी पदाधिकारियों कार्यकताओं के कार्य को प्राथमिकता दी जाए एंव उनके सम्मान के साथ कोई समझौता न किया जाए जिस पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जिलाध्यक्ष को आश्वाशन दिया गया की किसी भी दशा में किसी के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा जनता की सेवा ही हमारी प्राथमिकता है। वहीं उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र की जन समस्याओं से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया जिस पर डीएम एसपी द्वारा समाधान हेतु आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी राजा गणपति ने सभी बिंदुओं को सुनते हुए समाधान के लिए आश्वासन दिया एवं कहा आप सभी के सहयोग की अपेक्षा जिला प्रशासन को हमेशा रहेगी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन ने बेहतर पुलिसिंग करने के लिए सभी के सहयोग की बात कही। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष बृजबिहारी मिश्रा,लाल जी त्रिपाठी,साधना चौधरी,जिला महामंत्री विपिन सिंह,मधुसूदन अग्रहरि, विजयकांत चतुर्वेदी,जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य,चेयरमैन अजय गुप्ता, विकास जयसवाल,जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह,अजय उपाध्याय, बिंदुमती मिश्रा, कृष्णा मिश्रा,जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय,अरविंद उपाध्याय,संतोष शुक्ला,मंगल चौरसिया,मंडल अध्यक्ष बर्डपुर अमित उपाध्याय,रमेश मणि त्रिपाठी,महेंद्र लोधी,फूलचंद जयसवाल,नगर महामंत्री अनुराग गगन,अरुणा मिश्रा,दृग नारायण सिंह,राकेश आर्य, विश्वनाथ पाण्डेय,शिवशक्ति शर्मा सहित समस्त मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

## के.डी.बी. पब्लिक स्कूल में शिक्षा पर ऐतिहासिक जिला स्तरीय कार्यशाला

**गाजियाबाद।** कविनगर स्थित के.डी.बी. पब्लिक स्कूल में एक विशेष जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय एसटीईएम शिक्षा (विज्ञान, तकनीक, अभियंत्रण और गणित) था। 'नवाचार रथज शीर्षक से आयोजित इस सात घंटे लंबे संवाद कार्यक्रम में जनपद के 12 प्रमुख विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया और नवाचार पर आधारित शिक्षण विधियों पर चर्चा की। इस कार्यशाला का उद्देश्य था विद्यालयों में एसटीईएम आधारित पढ़ाई को प्रभावशाली, सहयोगपरक और रचनात्मक बनाना। इस अवसर पर शिक्षकों को प्रशिक्षण, पारस्परिक सहयोग, और नवोन्मेषी शैक्षिक तरीकों से परिचित कराया गया। कार्यशाला में शिक्षकों को अपने अनुभव साझा करने, अन्य विद्यालयों की उपयोगी विधियों को समझने और स्वयं के विद्यालयों में लागू करने का अवसर मिला। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि गरिमा त्यागी और अभय गोयल ने अपने अनुभवों से शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

# गिरिराज मुकुट मुखारविंद मानसी गंगा में गर्भगृह के फर्श का हुआ पुनः जीर्णोद्धार

वेलकम इंडिया



**मथुरा/ गोवर्धन।** सुप्रसिद्ध मन्दिर मुकुट मुखारबिंद मानसी गंगा में गर्भगृह में लगे फर्श का पुनः जीर्णोद्धार कराया गया जिसका लोकार्पण माननीय वरिष्ठ न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय प्रथम श्री राजीव मिश्रा जी के करकमलों द्वारा शिलापट्टिका का अनावरण कर मंदिर रिसीवर कपिल चतुर्वेदी की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया।

रविवार को अपर जिला जज प्रथम आर के पांडे जी, अपर जिला जज ब्रह्मतेज चतुर्वेदी जी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज, सिबिल जज जूनियर डिवीजन गौरव सिंह सहित चरण सेवक नन्नू मल राधेश्याम जी (गन्धक वाले), शशि जिंदल, पी के जिंदल (अध्यक्ष ट्रॉमा सेंटर, फिरोजाबाद), लक्ष्मी राहुल जिंदल, जूही रितेश जिंदल सहित सभी आगन्तुकों ने आचार्य श्रीजी पीठाचार्य मनीष बाबा के सानिध्य में विधि-विधान से दूध, दही, घी, शहद एवं गंगाजल से गिरिराज प्रभु का पूजन किया एवं वस्त्र धारण कराए। पंडा श्री गोपाल सहित सभी आगन्तुकों ने गिरिराज महाराज की जय के उद्घोषों से गिरिराज मन्दिर में परिक्रमा लगाई। मंदिर रिसीवर कपिल चतुर्वेदी ने बताया कि करने वाले गिरिराज प्रभु, कराने वाले गिरिराज प्रभु के भक्त। गिरिराज जी में भक्तों द्वारा निरंतर सेवा चलती रहती है। गिरिराज जी की प्रेरणा से फिरोजाबाद से गिरिराज महाराज के अनन्य भक्त पी के जिंदल जी एवं परिजनों द्वारा ठाकुरजी के निज गर्भगृह के फर्श की सेवा की गई है। इस अवसर पर शुभ्रा मिश्रा, रुचिर मिश्रा, राघव मिश्रा, रामश्रृंगार त्रिपाठी, मंदिर प्रबंधक चन्द्रविनोद कौशिक, बंशीलाल शर्मा, गजेंद्र सिंह, सुनील, सौरभ शर्मा, जगदीश शर्मा, एलान शर्मा, बिज्जू शर्मा, भारत शर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## अतिरिक्त दहेज की मांग करने पर आधा दर्जन के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत

**कांधला।** थाना क्षेत्र की इदरीश बैंग बिहार कालोनी निवासी एक विवाहिता ने अपने जेठ पर छेड़छाड़ करने सहित अन्य ससुराल पक्ष पर दहेज मांगने मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट करने में पति पर तीन तलाक देने का आरोप लगाते हुए थाने पर अभियोग पंजीकृत कराया है पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र की इदरीश बैंग बिहार कालोनी निवासी विवाहिता सलमा पत्नी नाजिम ने बताया कि उसकी शादी 10 वर्ष पूर्व हुई थी। पीड़िता का आरोप है की शादी के कुछ दिन बाद से ही पति सहित ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता का जेठ नौशाद पुत्र कालू पीड़िता पर बुरी नजर रखता था गत 16 दिसंबर 2024 को पीड़िता अपने घर पर अकेली थी आरोप है कि तभी उसका जेठ आ गया और उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए की खींचातानी कर उसके कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने जेठ शौकीन व पति नाजिम को बताई। आरोप है कि पति ने पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए उसकी 10 वर्षीय पुत्री सहित मारपीट करते हुए तीन तलाक दे दिया और घर से निकाल दिया। पीड़िता ने 17 दिसंबर को घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों से सांठगांठ करने के बाद पीड़िता की तहरीर पर कोई भी कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने घटना के संबंध में एसपी शामली को शिकायत पत्र देते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। रविवार को पुलिस ने एसपी के आदेश पर पीड़िता की तहरीर पर शौकीन, नाजिम, कासिम,नौशाद, मुस्तरी वह हारूण के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## पूर्व चैयरमेन ने अपने रक्त से सेना के सम्मान में बनाया स्लोगन

**कांधला।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूर्व चेयरमैन हाजी इस्लाम ने अपने रक्त से भारतीय सेना जिंदाबाद सहित स्लोगन लिखकर सभी देशवासियों को बधाई दी। पूर्व अध्यक्ष के द्वारा किए गए कार्य की नगर व क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है। रविवार को कस्बे के पूर्वी यमुना नहर पटरी मनकामेश्वर महादेव मंदिर के समीप कांधला नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष हाजी इस्लाम ने अपने साथियों के साथ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देशवासियों को बधाई दी। इस मौके पर पूर्व पालिका अध्यक्ष हाजी इस्लाम ने अपने रक्त से भारतीय सेना, मोदी, योगी, सोफिया कुरेशी, व्योमीका सिंह, जिंदाबाद के नारे लिखे उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में ऑपरेशन सिंदूर का परचम लहरा रहा है विश्व भी भारतीय सेना के पराक्रम को देखकर आश्चर्यचकित है सो आतंकवादियों को घर में घुसकर मारने के बाद भारतीय सेना ने आतंकवाद की रीड की हड्डी तोड़ने का काम किया है। आज देश को नाज है कि हमारे देश की कमान प्रधानमंत्री मोदी के सुरक्षित हाथों में है हम सभी अपने देश की मजबूत सेना के कारण आज सुरक्षित है सेना के पराक्रम की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। पूर्व में भी पूर्व अध्यक्ष तरह–तरह के प्रदर्शन करने व अजीबो गरीब हरकत करने के मामले में सुर्खियों में रह चुके हैं। इस दौरान उनके साथ राजेश, आकाश रावत, भूरा मलिक, दिनेश कुमार, सौरभ कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चौधरी सत्यपाल सिंह के निवास स्थान पर प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के नूरपुर पहुंचने पर मोहल्ला चौधरीयान में चौधरी सत्यपाल सिंह के निवास स्थान पर भव्य स्वागत किया गया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, बिजनौर प्रभारी हरिओम शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी, पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया के निवास स्थान पर सत्संग व भंडारे में शामिल हुए, उसके उपरांत मोहल्ला चौधरीयान में चौधरी सत्यपाल सिंह के निवास स्थान पर पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन दिनेश चौधरी, पूर्व चेयरमैन उमेश कर्णवाल, मास्टर जयपाल सिंह, पूर्व उप चेयरमैन राजेंद्र चौधरी, विवेक चौधरी, गन्ना समिति चेयरमैन अमित चौधरी, भाजपा नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, विकास गुप्ता उर्फ रॉकी, प्रधानाचार्य अंगजीत चौधरी, ईसमपाल सिंह, वीर प्रकाश सिंह भुइयार, रिसाल सिंह, डॉक्टर सोहित चौधरी, वरुण चौधरी, नगर पंचायत झालू के चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी, चौधरी हरिओम सिंह, विजेंद्र भुइयार, मास्टर हितेंद्र राजपूत, मनोज सिंघल, चौधरी ऋषिपाल सिंह, अनिल कमल आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# समाजसेवी व असपा नेता जगमीत चहल पर किया जानलेवा हमला

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नजीबाबाद खेत पर काम कर रहे असपा नेता व किसान व जगमीत चहल पर पड़ोसी काश्तकारों द्वारा जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया। घटना के बाद पीड़ित किसान ने नजीबाबाद पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए आरोपियों के खिलाफ तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार नजीबाबाद के गांव मथुरापुर मोर निवासी जगमीत सिंह चहल पुत्र सुखदेव अपने खेत पर काम कर रहा थे। इसी दौरान पड़ोसी काश्तकार बढ़िया निवासी सर्वदयाल, हरदीप, कुलवीर ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे व धारदार हथियारों जान से मारने के इरादे से हमला कर दिया। जिससे जगमीत गम्भीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित किसान के शोर मचाने पर पास के खेत में काम कर रहे उसका भाई गुरवेन्द्र सिंह भी मौके पर आ गए। आरोप है कि उपरोक्त लोगों ने गुरवेंद्र के साथ भी मारपीट कर उसे भी घायल कर दिया। पीड़ित ने तहरीर में कहा कि वह अपने खेत पर जेसीबी से खेत लेवल करा रहा था, उसी दौरान आरोपियों ने आकर मारपीट की। पीड़ित ने थाना पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की गुहार लगाई।

# रेहड़ पुलिस को बड़ी सफलता, 476 ग्राम चरस के साथ दो तस्कर दबोचे

वेलकम इंडिया महमूद रजा




जनपद बिजनौर रेहड़ जनपद बिजनौर मे नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रेहड़ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने उत्तराखण्ड से आए दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में चरस बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा और एक मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है, जिसका उपयोग वह तस्करी में कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमित सिंह पुत्र नाथ सिंह, निवासी घोसीकुंआ, थाना खटीमा, जनपद उधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड) और अमन सिंह बिष्ट पुत्र चन्दन सिंह बिष्ट, निवासी छिनकी फार्म, खटीमा, जनपद उधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड) के रूप में हुई है पुलिस द्वारा बरामद सामान में शामिल है 476 ग्राम अवैध चरस एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा एक मोटरसाइकिल पुलिस टीम ने तस्करों को मौके पर ही दबोचते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे उपनिरीक्षक भीम सिंह, हेड़ कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल ललित कुमार और कांस्टेबल शिव कुमार। पुलिस अधीक्षक ने टीम की इस सराहनीय कार्रवाई पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और भविष्य में भी इसी तरह की सक्रियता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

# चांदपुर में महिलाओं ने फूंका बसपा जिला अध्यक्ष का पुतला

वेलकम इंडिया महमूद रजा




जनपद बिजनौर चांदपुर प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के चांदपुर में बसपा विधानसभा कार्यालय के बाहर बहुजन समाज पार्टी की पूर्व सेक्टर अध्यक्ष राधा रानी के नेतृत्व मे दर्जनों महिलाओं ने जिला अध्यक्ष बिजनौर दलीप कुमार उर्फ पिंटू पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुतला फूंफा ।महिलाओं ने जिला अध्यक्ष हटाओ , बसपा बचाओ , जिला अध्यक्ष की तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी के नारों के साथ पूर्व सेक्टर अध्यक्ष राधा रानी ने जिला अध्यक्ष पर और भी कई गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि जिला अध्यक्ष दलीप कुमार पिंटू शराबी किस्म का व्यक्ति है महिलाओं का सम्मान नहीं करता , महिलाओं से गाड़ी में तेल डलवाने के नाम पर पैसे लेता हैं महिलाएं जिला कार्यालय पर जाति हैं तो दरवाजा बंद कर लेता है महिलाओं का सम्मान नहीं करता जिला अध्यक्ष से तंग आकर राधा रानी के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने जिला अध्यक्ष को हटाए जाने की मांग करते हुए पुतला फूंफा है ।इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी की पूर्व सेक्टर अध्यक्ष राधा रानी , सरिता , तबस्सुम, जाहिदा , रहनुमा , कैलाशों , लक्ष्मी , गीता देवी आदि दर्जनों महिलाएं मौजूद रही ।

## बानगंगा नदी में डूबे दो किशोरों में से एक का शव मिला, दूसरे को तलाश रही है टीम



वेलकम इंडिया

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विगत शनिवार को तहसील क्षेत्र शोहरतगढ़.के बांनगंगा बैराज के पूरब बानगंगा नदी में झरुआ गांव के तरफ शाम 4 बजे दो किशोर बानगंगा नदी में नहाते हुए डूब गये। जिसको लेकर गोताखोरों द्वारा दोनों किशोरों का शव खोजा गया, किन्तु असफलता हाथ लगी। आखिरकार करीब 24 घंटे बाद रविवार को एसडीआरएफ टीम के सहयोग से बानगंगा नदी में डूबी 16 बर्षीय नूर आलम का शव निकाल लिया गया है। खबर लिखें जाने तक दूसरे की तलाश जारी है। आपको बता दें कि शनिवार को मुख्यालय के बेलसड़ मोहल्ले के रहने वाले तीन बच्चों का एक ग्रुप दोपहर लगभग 3 बजे बाणगंगा बैराज की ओर घूमने गया था। मौज-मस्ती के बीच दो बच्चे (15 वर्षीय मो0 आतिफ पुत्र मो0 हनीफ और 16 वर्षीय नूर आलम पुत्र अब्दुल करीम) नदी में नहाने उतर गये। देखते ही देखते वे गहराई में समा गये। तीसरे बच्चे ने जब देखा कि दोनों पानी से बाहर नहीं निकल रहे हैं, तो वह डर गया और घबराहट में घर भागकर परिजनों को सूचना दी। बच्चों के बड़े भाई मो0 आरिफ घटनास्थल पहुंच उक्त की सूचना 112 पुलिस सहित स्थानीय थाना को दी।

# भाजपा नेता कर्मवीर सैनी बने हरियाणा सूचना आयुक्त, कल चंडीगढ़ लेंगे शपथ

वेलकम इंडिया




**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने कान्फेड के चेयरमैन एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए हरियाणा सूचना आयुक्त नियुक्त किया है। मूल रूप से जींद जिले के निवासी कर्मवीर सैनी पेशे किसान एवं अधिवक्ता हैं। उनकी गिनती जमीन से जुड़े हुए जुझारू नेता के रूप में रही है। वे पिछले लंबे अरसे से भाजपा में समर्पित होकर काम कर रहे हैं। इससे पहले कर्मवीर सैनी हरियाणा सरकार में टैक्स ट्रिब्यूनल के सदस्य भी रह चुके हैं। वे सफीदों विधानसभा सीट से दो बार राष्ट्रीय पार्टियों की टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। दोनो ही चुनावों में उन्होंने सम्मानजक अच्छे-खासे वोट प्राप्त किये थे और गत लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों के लिए अथक मेहनत करने का काम किया था। सफीदों,जींद व जुलाना विधानसभा क्षेत्रों में कर्मवीर सैनी का व्यापक जनाधार माना जाता है। उनके पास कार्यकताओं एवं समर्थकों की एक बड़ी फौज है। अब शुक्रवार को ही हरियाणा सरकार द्वारा 5 सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की गई है, जिनमें कर्मवीर सैनी को भी यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। सूचना आयुक्त हरियाणा के पद पर नियुक्ति की सूचना मिलते ही समर्थकों और कार्यकताओं में खुशी का माहौल छा गया। शनिवार को जींद, सफीदों समेत कई स्थानों पर कार्यकताओं ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। सफीदों में आयोजित कार्यक्रम में सेलर एसोसिएशन के प्रधान सुभाष जैन, जगदीश कश्यप, एमसी हिमलेश जैन, एडवोकेट रणबीर कश्यप, सुलतान सैनी सरपंच खातला, सुरेश सरपंच रत्ताखेड़ा,मांगेराम चौधरी, राजेश जैन, आशीष जैन,ओमप्रकाश सिंगला, सतेंद्र राणा, रामनिवास वाल्मीकि, रोशन गर्ज्जर डिडवाड़ा, सूरजभान रोझला,सुनील एमसी, महावीर एमसी, संजय जांगड़ा एमसी, कुणाल मंगला,अरमान,सरदार सुखदेव सिंह, संजय कश्यप,विकास रोहिल्ला, महेंद्र रोहिल्ला, महेंद्र कश्यप,हरीश कारखाना,पप्पू हाट,श्याम शर्मा, लालचंद आर्य आदि मौजूद थे। इधर, जींद शहर में मैन्युफैक्चरिंग वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सतीश ढिल्लों की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन कर कर्मवीर सैनी को सूचना आयुक्त किये जाने पर खुशी मनाई। इस मौके पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मुकेश सिंगला, कोषाध्यक्ष राजकुमार, बीआर जिंदल,विनोद कुमार,जसवंत सैनी,विमन जैन,विजेद्र सैनी,राजेश सैनी आदि मौजूद रहे।

अपनी नियुक्ति पर कर्मवीर सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली का विशेष रूप से आभार जताया और कहा कि सरकार द्वारा उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उस पर खरा उतरते हुए वो कानूनन पालन करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नव नियुक्त सूचना आयुक्तों को सरकार द्वारा 26 मई को चंडीगढ़ में शपथ दिलाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता के रूप में कर्मवीर सैनी हर मंच पर पार्टी का मजबूती से पक्ष रखते हैं और विरोधी दलों को तथ्यों समेत करारा जवाब भी देते रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वर्ष 2024 में कर्मवीर सैनी को हरियाणा कान्फेड का चेयरमैन नियुक्त किया था। कान्फेड का चेयरमैन रहते कर्मवीर सैनी ने उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ते दामों पर खाद्य वस्तुएं उपलब्ध के लिए सहकारी सिद्धांतों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता से पूरी जिम्मेदारी के साथ काम किया। प्रदेश सूचना आयुक्त के रूप में कर्मवीर सैनी का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए रहेगा, जो आगे बढ़ाया भी जा सकता है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में ग्रीष्म कालीन शिविर का समापन समारोह सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) का समापन समारोह उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। यह शिविर 19 मई 2025 से प्रारंभ होकर 24 मई 2025 तक चला, जिसमें छात्रों ने विविध रचनात्मक, शैक्षणिक और खेलकूद संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी एवं ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों द्वारा प्रदर्शित रचनात्मकता और प्रतिभा की सराहना की तथा सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं



दीं। शिविर के दौरान छात्रों ने अपनी गर्मियों की छुट्टियों का रचनात्मक और उत्पादक उपयोग करते हुए विद्यालय द्वारा आयोजित अनेक कार्यशालाओं में भाग लिया जैसे कला में क्राफ़्टोपिया जिसके अंतर्गत छात्रों की कलाकृतियों की एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे सभी के द्वारा खूब सराहा गया ।इकोज ऑन स्टेज और माइक मास्टर जिसमें मंच संबंधी कौशलों को निखारा गया , वेब डेवलपमेंट जहाँ बच्चों ने अलग-अलग विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी । खेल संबन्धित गतिविधियों में फुटसाल, वोलीबॉल, ताइक्वांडो, बास्केट-बॉल और स्केटिंग शामिल रहे ।समापन समारोह में प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम—नृत्य, नाटक, गायन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने कहा,₹इस प्रकार के शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक होते हैं। यह उन्हें अपनी रुचियों एवं प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने का एक उपयुक्त मंच प्रदान करते हैं।₹ विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने कहा, ₹हमारा प्रयास है कि ऐसे आयोजन बच्चों को अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक जीवन कौशल और रचनात्मक सोच के अवसर प्रदान करें। विद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियाँ निरंतर आयोजित करता रहेगा।₹ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री एन. सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, ₹हमारा उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर, रचनात्मक और संवेदनशील बनें। यह समर कैंप इसी लक्ष्य की दिशा में एक सार्थक पहल है।₹ यह समर कैंप न केवल छात्रों के लिए एक सीखने और आनंद का अवसर बना, बल्कि यह विद्यालय के समर्पण और शिक्षकों की लगन का प्रतीक भी सिद्ध हुआ। विद्यालय प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक छात्र कुछ नया सीखे, आत्मविश्वास अर्जित करे और एक यादगार अनुभव के साथ आगे बढ़े। इस प्रकार यह शिविर केवल गतिविधियों का संयोजन नहीं रहा, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक प्रभावशाली कदम सिद्ध हुआ।

# ग्रामीण अंचल में चार दिन से बिजली न आने से किसान परेशान

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नगर पंचायत निवाड़ी में सुबोध त्यागी के मकान पर चार दिन से निवाड़ी क्षेत्र के करीब एक दर्जन से ज्यादा गांवो की खेतों की बिजली न आने से किसानों ने भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी के नेतृत्व में एक पंचायत की जिसका संचालन भाकियू के नगर अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने किया करीब 4 दिन से निवाड़ी, पतला पैगा, सुहाना, भनेड़ा, पुठरी, उजैडा, नगला, सिखेड़ा, सालेनगर कुसैडी, लोहडा करीब एक दर्जन गांव से भी ज्यादा गांवो के खेतों की बिजली न आने से किसानों में बड़ा रोश देखने को मिला अगर जल्द से जल्द निवाड़ी क्षेत्र के खेतों की बिजली न चालू की गई तो



बिजली घर पर क्षेत्र के किसान भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के बैनर तले धरना प्रदर्शन करेंगे पंचायत में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, भाकियू के नगर अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी, सभासद मंगेश्वर, सभासद जगदीश कुमार, अमित गिरी, राज प्रकाश त्यागी, जय भगवान फौजी, सुबोध त्यागी, निक्कू त्यागी, कपिल गर्ग, सचिन ठेकेदार, गोल्डी त्यागी, राजकुमार त्यागी, सचिन त्यागी, अंकित त्यागी, पूर्व सभासद नरेश त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# विकलांग किसान पर खेत में जानलेवा हमला, महिला समेत तीन पर गंभीर आरोप

वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर शेरकोट ग्राम उमरपुर आशा में एक विकलांग किसान पर खेत में जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने गांव के ही तीन लोगों पर मारपीट, धारदार हथियार से हमला और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उमरपुर आशा निवासी रामनिवास पुत्र गेंदा सिंह शनिवार सुबह अपने खेत की निगरानी के लिए गया था। आरोप है कि खेत में पहले से मौजूद निपेन्द्र पुत्र रामसिंह, दीपक पुत्र निपेन्द्र और श्रीमती स्वाति पत्नी निपेन्द्र ने उसे देखते ही अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए झगड़ा शुरू कर दिया रामनिवास के मुताबिक, विवाद के दौरान दीपक ने उसके सिर पर पाथल (हासिया) से वार किया जबकि स्वाति ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में गंभीर चोट आई। इस दौरान उसे शरीर के अन्य हिस्सों में भी



चोटें लगीं। विकलांग होने के चलते वह अपना बचाव नहीं कर सका। पीड़ित ने आरोप लगाया कि जाते-जाते आरोपियों ने उसे धमकी दी कि यदि उसने पुराने मामले को वापस नहीं लिया, तो उसकी हत्या कर दी जाएगी घायल अवस्था में रामनिवास थाने पहुंचा और तीनों आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है स्थानीय लोगों में घटना को लेकर रोष है और पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग उठ रही है।

# कैडेट को कौशल विकास एवं व्यक्तित्व विकास की शिक्षा की गई प्रदान

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** 35 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वाधान में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर में चल रहे सी ए टी सी, 123 कैंप के छठे दिन का आरंभ सुबह पीटी परेड से किया गया। जिसमें पीटी इंस्ट्रक्टर ने पीटी परेड के अभ्यास के साथ-साथ उसके दैनिक जीवन में लाभ के बारे में भी जानकारी दी। उसके उपरांत कैडेट को ड्रिल कराई गई तत्पश्चात एनसीसी ऑफिसर अनुराग गुप्ता ने कैडेटस को राष्ट्रीय एकीकरण के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद 'रस्रं की टीम द्वारा कैडेट को कौशल विकास एवं व्यक्तित्व विकास की शिक्षा प्रदान की गई । कैंप कमांडेंट कर्नल पी के सिंह द्वारा वाहिनी की ओर से टीम को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।उसके उपरांत कैडेट्स को गेम परेड के दौरान बैडमिंटन ,फुटबॉल ,खो खो, बास्केटबॉल आदि खेलो में प्रशिक्षण कैंप एडजुडेंट लेफ्टिनेंट नागेंद्र



कुमार लेफ्टिनेंट राजीव कुमार ,ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार व ऑफिसर अनुराग गुप्ता आदि के निर्देशन में दिया गया। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल आर पी दहिया, सूबेदार मेजर परमानंद ,जीसीआई सोनिया, केयर टेकर कोमल, सूबेदार निर्दोष थापा, सूबेदार सूर्यमान गले, सूबेदार अफतार हुसैन, हवलदार पंकज कुमार, हवलदार संजीत कुमार ,हवलदार संतोष कुमार यादव, हवलदार पवन, हवलदार भूपराम, मनोज कुमार ,विनय, विपिन कुमार, फरजंद अली, चंद्रवीर आदि लोग उपस्थित थे।

# सेवादारों ने भंडारा लगाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** श्री हरि कृपा सेवा संस्थान की सेवादारों ने भंडारा लगाया गया । श्री हरि कृपा सेवा संस्थान द्वारा श्री हरि कृपा से गत द्वादशी की भाति इस द्वादशी को भी श्री हरि कृपा के सेवादारों विपिन वत्स विजय पटेल जितेन्द्र कंसल राहुल साहनी सौरभ ठाकुर आशीष को प्रसाद वितरण की प्रेरणा प्रभु कृपा से हुई है।

# गंगा दशहरा पर गंगा स्नान और दान-पुण्य करने से सभी कामनाओं की होती है पूर्ति-कुंज बिहारी

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** ज्योतिषाचार्य सूर्यदेव उपासक मुरादनगर पंडित कुंज बिहारी.वशिष्ठ ने कहा गंगा दशहरा हर साल धूमधाम के साथ मनाया जाता है। यह पावन पर्व ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस साल यह 5 जून को पड़ रहा है। इस दिन धरती लोक पर मां गंगा का अवतरण हुआ था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन आपके सपरिवार देवी की पूजा, गंगा स्नान और दान-पुण्य करने से सभी कामनाओं की पूर्ति होती है। इसके साथ ही व्यक्ति को मोक्ष प्राप्त होता है।गंगा दशहरा के मौके पर हर किसी अपने घर पर गंगाजल जरूर लाना चाहिए। यह बहुत शुभ माना जाता है।1- गंगाजल को घर के पूजा स्थान पर रखें। कहते हैं कि ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। इसके साथ घर में खुशहाली बनी रहती है। 2-तुलसी को हिंदू धर्म में बहुत पवित्र माना गया है। मान्यता है कि इसमें मां लक्ष्मी का वास होता है। ऐसे में इस दिन ही



तुलसी का पौधा घर लाने से आर्थिक मुश्किलें समाप्त होती हैं और जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।3-गंगा दशहरा के दिन श्रीयंत्र को घर लाना बहुत शुभ माना जाता है। यह धन और समृद्धि का प्रतीक है। ऐसा कहा जाता है कि इससे आर्थिक तंगी दूर होती है। इसके साथ ही माता लक्ष्मी की कृपा मिलती है। ऐसे में इस मौके पर श्रीयंत्र लाएं और घर के मंदिर की उत्तर दिशा में स्थापित करें।

# बुद्ध की शिक्षाओं से ही समाज में समता स्थापित की जा सकती है:धम्मचारी मित्रोदय

वेलकम इंडिया

**पिलखुवा:**भीम भूमि फाउण्डेशन द्वारा स्थानीय रंगोली मंडप में भगवान बुद्ध की 2569 वीं जयंती समारोह बड़ी श्रद्धा पूर्वक मनाई गई ।समारोह को त्रिरत्न बौद्ध महासंघ के वरिष्ठ धम्मचारी मित्रोदय , दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो0 डॉ0 धम्म दीप वानखेडे, डॉ चरन सिंह, वीरेंद्र सिंह , धम्मचारी सुकृतसिद्धि ने भी संबोधित किया ।समारोह में धम्मचारी शांति शील , श्रद्धाधर, विमल प्रिय, धर्मकांत, अमोघ दर्शी धम्मचारिणी रत्न बजरी, धम्मचारिणी प्रज्ञाकीर्ति आदि का धम्म मित्र संगीत कुमार ,विनय बाबू , इंजीनियर भूपेंद्र कुमार ,एड0 हरि ओम सिंह, एड0 ललित प्रधान ,सुरेंद्र बौद्ध अधिकांश, मा सुरेंद्र बौद्ध , मा अशोक कुमार, नीरज कुमार ,सुभाष चंद, अंकित कुमार ,कुंवर पाल बौद्ध, चंद्र पाल बौद्ध ,धम्ममित्र चांदनी , बीना, सरोज , शकुन्तला, संघप्रिया गौतम, संघमित्रा, नीतू, रेखा,





विकास , करूणाशील गौतम ,प्रज्ञा शील गौतम ने अतिथियों को फूल माला पहना कर स्वागत किया ।समारोह में दिल्ली ,शाहदरा, मेरठ, हस्तिनापुर, मोदीनगर, मुरादनगर, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर , हापुड , गढ़ मुक्तेश्वर , पिलखुआ एवं ग्रामीण क्षेत्र के दो दर्जन से ज्यादा ग्रामों के सैकड़ों बुद्ध एवं बाबा साहेब के अनुयायियों ने भाग लिया । उल्लेखनीय है कि गत अप्रैल माह में हस्तिनापुर में त्रिरत्न बौद्ध महासंघ के नौ धम्मचारियों की दीक्षा हुए थी, उन सभी को शाल पहनाकर, शील्ड देकर सम्मानित भी किया गया । स्मरण रहे पिलखुआ निवासी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यकर्ता पदम सिंह गौतम की भी धम्मचारी की दीक्षा हुई थी दीक्षा के बाद उनका नाम धम्मचारी सुकृतसिद्धि रखा गया। सुकृतसिद्धि लगभग दो दशक से बौद्ध धम्म का अध्ययन तथा ध्यान साधना का अभ्यास कर रहे थे।सुकृतसिद्धि ने देहरादून, मेरठ, मोदीनगर, एवं नागपुर के प्रशिक्षण केंद्रों पर बौद्ध धम्म एवं ध्यान साधना का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

# अवैध गेस्ट हाउस व ओयो होटल बने अय्याशी का केंद

वेलकम इंडिया

**डिबाई।** डिबाई क्षेत्र के बाबूराम इंटर कॉलेज तलवार में एक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता बाबूराम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेश कुमार द्वारा की गई व संचालन इंटरमीडिएट कॉलेज तलवार के प्रधानाचार्य मनोज कुमार द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र में फैले ओयो होटलो, अवैध गेस्ट हाउसों द्वारा बिगड़ रहे माहौल का बच्चों व समाज पर पड़ रहे प्रभाव के बारे में चर्चा की गई।गौरतलब है कि डिबाई क्षेत्र में वैसे तो कोई खास पिकनिक स्थल व पर्यटक स्थल नहीं है फिर भी क्षेत्र में दर्जनों की तादात में गेस्ट हाउस व ओयो होटल रोजाना इधर-उधर गली



मौहल्लों में खुल रहे जहां गेस्ट के रूकने के लिए घण्टे के हिसाब से पैसे वसूले जाते हैं। सूत्र बताते हैं कि इन ओयो होटलों व गेस्ट हाउसों की ही बजह से देह व्यापार का धंधा भी खूब पनप रहा इसी गम्भीर समस्या के बारे में गहन चिंतन व मंथन किया गया। इस चर्चा में भाग लेने के लिए मुख्य वक्ता एडवोकेट एस पी सिंह, रिटायर्ड आईजी केपी सिंह, भू प्रकाश बजाज ( बजरंग दल के जिला मंत्री ) तथा कार्यक्रम में बाबूराम इंटर कॉलेज तलवार व इंटरमीडिएट कॉलेज तलवार के सभी अध्यापक गण व स्टाफ के अलावा श्री मुनीत गौड, राजेंद्र सिंह राघव( किसान नेता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय गौतमबुद्धनगर द्वारा दरोगा की बर्खास्तगी के आदेश को किया रद्द

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** जिला गौतमबुद्धनगर के फेस 1 थाने में तैनात चौकी इंचार्ज गोलचक्कर प्रदीप कुमार गौतम की बर्खास्तगी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय गौतमबुद्धनगर द्वारा बर्खास्तगी के आदेश को रद्द कर दिया है। पूरा मामला इस प्रकार है। जिला गौतमबुद्धनगर के फेस-1 थाने में चौकी इंचार्ज गोलचक्कर प्रदीप कुमार गौतम पर यह आरोप है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसके अवलोकन से पाया गया कि वायरल वीडियो में एक व्यक्ति अपनी जेब में हाथ डालता है और पास खड़े उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार गौतम को कुछ रुपये पकड़ाता है। आरोप लगाया गया कि उक्त व्यक्ति द्वारा चौकी प्रभारी को रिश्वत दी जा रही थी। कहा गया कि दरोगा का यह कृत्य उप्र सरकारी सेवक आचरण नियमावली के प्रतिकूल है, जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है। वीडियो के अवलोकन से प्रथमदृष्टया अपराध कारित होना पाए जाने के फलस्वरूप उक्त प्रकरण में दिनांक पांच अप्रैल 2025 को दरोगा के विरुद्ध थाना फेस-1, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7/13 के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया। याची पर यह भी आरोप था कि वायरल वीडियो के अवलोकन से याची द्वारा घूस लेना स्वतः स्पष्ट हो रहा है और दरोगा के विरुद्ध पंजीकृत आपराधिक अभियोग गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। अभियोग की विवेचना जारी है और दरोगा प्रदीप कुमार गौतम द्वारा कर्तव्य पालन में घोर लापरवाही बरतते हुए गैर जिम्मेदारीपूर्ण, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता के साथ पुलिस जैसे अनुशासित विभाग की छवि को धूमिल की गई है। हाईकोर्ट ने आदेश में कहा कि पुलिसकर्मी की बर्खास्तगी बगैर विभागीय कार्यवाही के अवैध है। उप्र अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दंड एवं अपील) नियमावली 1991 के नियम 8 (2) (बी) के प्रावधानों के तहत पर्याप्त साक्ष्य के आधार होने पर भी बगैर स्पष्ट कारण बताए कि क्यों विभागीय कार्यवाही नहीं की जा सकती, बर्खास्त करना नियम एवं कानून के विरुद्ध है। याचिका में कहा गया कि याची पर बर्खास्तगी आदेश में जो आरोप लगाए गए हैं, वे बिल्कुल असत्य एवं निराधार है। याची को साजिशन अभियुक्त द्वारा षडयंत्र करके झूठा फंसाया गया है जबकि याची ने रिश्वत के एवज में कोई भी पैसा नहीं लिया और न ही याची के पास से कोई रिकवरी हुई है। याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम का कहना था कि उक्त प्रकरण में बगैर विभागीय कार्यवाही किए और बगैर नोटिस तथा सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए याची को सेवा से पदच्युत किया गया है, जो सर्वोच्च न्यायालय एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा प्रतिपादित विधि व्यवस्था के विरुद्ध है। हाईकोर्ट ने अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय गौतमबुद्धनगर द्वारा दरोगा की बर्खास्तगी आदेश को रद्द कर दिया एवं याची को बहाल करने का आदेश दिया है।



# गाजियाबाद में भव्य कोरी समाज सम्मेलन का आयोजन, समाज ने भाजपा को दिया पूर्ण समर्थन





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, नेहरू नगर, गाजियाबाद में कोरी समाज द्वारा आयोजित भव्य सम्मेलन में हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य कोरी/कोली/जुलाहा समाज के जाति प्रमाण पत्र निर्गमन में आ रही प्रशासनिक अड़चनों के विरोध में आवाज उठाना और समाज के सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक अधिकारों पर मंथन करना था।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा अपना संदेश देने के लिए भेजे गए बतौर मुख्य वक्ता पहुंचे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, कोरी समाज देश की प्रगति में एक मजबूत स्तंभ है। समाज की समस्याएं हमारी प्राथमिकता में हैं और हम सुनिश्चित करेंगे कि किसी को भी उसके अधिकार से वंचित न किया जाए। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा भी दिलाया। कोरी समाज की बदौलत ही समाज बेहतर से बेहतर परिवेश में रहता है या यूं कहें इन्होंने ही हम सबको पहनना सिखाया। महापौर सुश्री सुनीता दयाल ने अपने वक्तव्य में कहा, गाजियाबाद नगर निगम कोरी समाज की सेवा और विकास हेतु सदैव तत्पर रहेगा। समाज की ऊर्जा और संगठित प्रयासों को मैं सलाम करती हूं। भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने कहा, भाजपा सदैव सामाजिक न्याय की पक्षधर रही है और कोरी समाज की मांगों को पार्टी मंच पर पूरी ताकत से रखा जाएगा। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा, कोरी समाज की मेहनत, ईमानदारी और संघर्षशीलता हमें प्रेरणा देती है। मैं सदैव समाज के साथ खड़ा हूं और संसद में समाज की समस्याओं को पूरी ताकत से उठाऊंगा। जाति प्रमाण पत्र सहित सभी मुद्दों पर केंद्र व राज्य सरकार से संवाद किया जाएगा। विधायक अजीत पाल त्यागी ने अपने वक्तव्य में कहा, कोरी समाज ने सदैव समाज के निर्माण में योगदान दिया है। उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनना और उनका समाधान करना हमारा दायित्व है। जाति प्रमाण पत्र निर्गमन की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाएगा। मैं सरकार और प्रशासन से मिलकर इस पर ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करूंगा। भाजपा प्रदेश संयोजक अजय शर्मा ने कहा यह सम्मेलन समाज की एकता और जागरूकता का प्रमाण है। सरकार समाज की हर उचित मांग को गंभीरता से ले रही है और हम प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं। कोरी समाज के अध्यक्ष एडवोकेट लेखराज माहौर ने कहा, आज हमने मंच से एक मांग पत्र सौंपा है जिसमें जाति प्रमाण पत्र निर्गमन में आ रही बाधाओं को दूर करने, आरक्षण से संबंधित विसंगतियों को समाप्त करने, तथा युवाओं को सरकारी नौकरियों में उचित भागीदारी देने की मांग की गई है। इसके साथ ही हम भाजपा को कोरी समाज की ओर से पूर्ण समर्थन की घोषणा करते हैं। सम्मेलन में अनेक जनप्रतिनिधियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई जिनमें महापौर सुनीता दयाल, विधायक अजीत पाल त्यागी, नंद किशोर गुर्जर, भाजपा प्रदेश संयोजक अजय शर्मा आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर आयोजक मंडल से उपाध्यक्ष चम्मा माहौर, कृपाल सिंह (पूर्व अञ्ृट), किशन सिंह माहौर, सुरेश कोरी, महामंत्री धनपाल सिंह कोरी, कोषाध्यक्ष लेखराज तंतवार (पूर्व ऊञ्ृट), मंत्री राकेश कोरी, विजय माहौर, मीडिया समन्वयक प्रदीप चौधरी सहित अन्य समाजसेवी व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कौशाम्बी के सेंट्रल पार्क में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**गाजियाबाद।** कौशांबी वार्ड संख्या 72, सेंट्रल पार्क रविवार को एक विशेष निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन डॉ. अनिल राघव (एम.डी. होम्योपैथी) और उनकी चिकित्सकीय टीम द्वारा पार्षद कुसुम गोयल तथा पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल के सहयोग से किया गया। इस चिकित्सा शिविर में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने भाग लेकर अपनी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कराई और विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त किया। शिविर में कुल 164 मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। डॉ. अनिल राघव ने अपने संबोधन में प्राकृतिक चिकित्सा, रोगों की जड़ और रोकथाम की अवधारणा पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा, बीमारी का इलाज जरूरी है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है बीमारी को होने से रोकना। जब हम प्रकृति के साथ सामंजस्य में जीवन जीते हैं, तो रोग स्वतः दूर हो जाते हैं।

उन्होंने मेरा गांव, मेरा तीर्थ के भाव से लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर समृद्ध परिवार को चाहिए कि वह अपने गांव के किसी एक निर्धन परिवार को गोद ले और उनके स्वास्थ्य, शिक्षा व जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास करे। डॉ. राघव ने सामाजिक, मानसिक और शारीरिक रोगों के समग्र उपचार की अवधारणा को विस्तार से समझाया और बताया कि किस प्रकार जागरूकता के माध्यम से संपूर्ण समाज को स्वस्थ बनाया जा सकता है।

## खाई भी हमें देख रही है



रवि अरोड़ा

भूतपूर्व आईएएस अधिकारी व मशहूर व्यंगकार अवे शुक्ला की किताब ' होली काऊज एंड लूज कैनन्स - द डफर जोन क्रॉनिकल्स ' जिसे हिंदी में ॒डफर जोन॒ के रूप में जाना जा रहा है , आजकल धूम मचाए हुए है। हास्य और व्यंग्य से लबरेज ब्लॉग्स के इस संकलन को लेकर हाल ही में ' द वायर ' के लिए प्रतिष्ठित पत्रकार करण थापर ने अवे शुक्ला का खास इंटरव्यू किया और उसे भी लाखों लोगों ने पसंद किया । अवे शुक्ला अपनी इस किताब में मुख्य रूप से सामाजिक, सांस्कृतिक और रोजमर्रा की ज़िंदगी की विसंगतियों पर तीखा व्यंग्य करते हुए साबित करते हैं कि हम न केवल मूर्खों से घिरे हुए हैं अपितु हम जहां रह रहे हैं, वह क्षेत्र ही मूर्खों का है। मगर पता नहीं क्यों मुझे अभी भी लगता है कि हम लोग अभी भी पूरी तरह मूर्ख नहीं हुए हैं । कहीं थोड़ी बहुत कसर बाकी है। हालांकि एक मूर्ख समाज होने की तमाम शर्तों को हम एक एक कर पूरा करते जा रहे हैं मगर फिर भी कहीं न कहीं कुछ तो ऐसा है जो हमें खुद को उस क्षेत्र का बाशिंदा कहलाने पर शर्मिंदा नहीं करता , जिसे अवे शुक्ला जैसे लोग अब मूर्खों का इलाका कह रहे हैं । अभय शुक्ला कहते हैं कि उत्तरी भारत का वह इलाका जो कथित हिंदुओं का हृदय क्षेत्र है, जहां से नेशनल मीडिया संचालित होता है, जहां शिक्षा कम और जन्मदर अधिक है, जहां धर्मांधता का बोलबाला है और हिंदुत्व ब्रांड की धूम है वही डफर जोन है। जहां के लोगों में सहनशीलता कम और दूसरों पर दोषारोपण करने की प्रवृति अधिक है, जहां के लोग इस्लामोफोबिया से ग्रस्त हैं और जहां क्षेत्रवाद और अति राष्ट्र वाद को ही देशप्रेम समझा जाता है, उसे ही डफर जोन कहते हैं। जहां हर मुस्लिम को पाकिस्तानी अथवा आतंकवादी माना जाए और जो कोई सवाल करे उसे देशद्रोही कहने का चलन हो, उसे डफर जोन के नाम से पुकारा जाना चाहिए । जहां के लोग अंधविश्वासी हों और किसी फासिस्ट को अपना रहनुमा समझें, वे सब डफर हैं और उनका क्षेत्र ही डफर जोन है। जहां शासन प्रशासन बड़बोलों से भय खाता हो और जहां मंत्री संत्री जो मुंह में आए बकते हों, वही डफर जोन की टेरिटरी है। जहां इतिहास को साहित्य और साहित्य को इतिहास की मान्यता हो, जहां लोगों को प्रोपेगेंडा फिल्म दिखाने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तक जुट जाते हों, उसे यकीनन डफर जोन समझा जाना चाहिए । अवे शुक्ला की मानें तो देश में शनै शनै डफर जोन का विस्तार हो रहा है और उत्तरी भारत के बाद अब नॉर्थ ईस्ट व दक्षिण के कर्नाटक जैसे राज्य में भी इसकी आहट सुनाई दे रही है। पता नहीं अवे शुक्ला से सहमत अथवा असहमत होने के आपके तर्क क्या हैं, मगर वे तमाम सवाल तो बेजा ही हैं जो अपने व्यंग्यों के माध्यम से शुक्ला उठाते हैं। हाल ही में ट्रॉल ब्रिगेड ने जिस प्रकार पहलगाम के शहीद नौसेना के जवान की पत्नी हिमांशी नरवाल के खिलाफ भद्दे कमेंट किए और जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जनता के बीच सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे काबिल विदेश सचिव विक्रम मिसरी और उनके परिवार पर ट्रॉल आर्मी ने हमला बोला , उससे अवे शुक्ला से असहमत होने के तर्क बेहद कमजोर तो पड़ ही जाते हैं । मध्य प्रदेश के एक विधायक सेना की आइकन बनी कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहें और वहां के उप मुख्यमंत्री सेना को प्रधानमंत्री के चरणों में नतमस्तक करार दें और जहां स्वयं प्रधानमंत्री रगों में खून की जगह सिंदूर बहने जैसे फिल्मी डायलॉग मारते घूमें, वहां हर सूरत अवे शुक्ला का पक्ष मजबूत होता ही दिखाई पड़ता है। मेरे खयाल से हमारी हिंदी पट्टी को पहली बार किसी ने डफर जोन कहा है, जाहिर है कि यह उपाधि किसी को भी पसंद नहीं आएगी मगर सवाल यह है कि हमारे पास ऐसा क्या है जो हम अवे शुक्ला जैसों को गलत साबित कर सकें। शुक्र है कि अभी एलीट और अंग्रेजी दां लोगों के बीच ही ऐसी उपाधियां दी जा रही हैं मगर क्या वह दिन ज्यादा दूर है जब हिंदी जुबान के लेखक भी हमें भोंदू अथवा मूर्ख कह कर पुकारेंगे ? उत्तरी भारत के इस हिंदी क्षेत्र को गोबर पट्टी तो न जाने कब से कहा ही जा रहा है। देश में गोबर, गोमूत्र को आस्थाओं का प्रतीक बना कर विदेशों में हो रही हमारी किसकिरी को एक बार किनारे भी कर दें मगर उन अन्य मामलों का क्या करें, जिनसे लगातार हमारी जग हंसाई हो रही है। फ्रेडरिक नीत्शे के शब्दों में कहें तो हम खाई को नहीं देख रहे , अब खाई भी हमे देख रही है।

## सब-इंस्पेक्टर वीरेंद्र मिश्रा की आकस्मिक मृत्यु से पुलिस विभाग को बड़ा नुकसान



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** एसीपी वीरेंद्र मिश्रा अंकुर विहार कार्यालय में तैनात थे । अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय, अपराध एवं कानून व्यवस्था समेत पुलिस परिवार ने पार्थिव शरीर को कंधा देकर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वेलकम इंडिया परिवार एसीपी वीरेंद्र मिश्रा की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करता है। दुःख की इस घड़ी में वेलकम इंडिया परिवार श्री मिश्रा जी के परिवार के साथ है।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती के उपलक्ष्य में भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद द्वारा भारत की महान नारी शासिका, प्रजावत्सला धर्मपरायण नेता लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर गाजियाबाद के पुराना रेलवे स्टेशन परिसर में एक भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक प्रदर्शनी का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री श्री सुनील शर्मा, महापौर सुश्री सुनीता दयाल एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। प्रदर्शनी स्थल को रेलवे स्टेशन के मुख्य मार्ग पर इस प्रकार सजाया गया कि वहाँ से गुजरने वाले नागरिक और यात्री सहज रूप से इस प्रेरणास्रोत प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकें। यह प्रदर्शनी 24 घंटे (प्रातः 10 बजे से अगले दिन प्रातः 10 बजे तक) लगातार जारी रही। प्रदर्शनी में लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन, प्रशासनिक योगदान, धार्मिक आस्था और नारी नेतृत्व की अद्वितीय झलक प्रस्तुत करती लगभग 50 चित्रों को कलात्मक रूप में प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी स्थल पर विशेष स्क्रीन व्यवस्था की गई, जहाँ उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों, आम नागरिकों और छात्रों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। इसमें प्रधानमंत्री द्वारा नारी सशक्तिकरण, भारतीय संस्कृति की गौरवगाथा, और लोकमाता अहिल्याबाई के प्रेरणादायक जीवन पर दिए गए विचारों को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना और सराहा।




## तेज आंधी के दौरान एसीपी कार्यालय की छत गिरने से सब-इंस्पेक्टर की मौत

**गाजियाबाद।** बीती रात गाजियाबाद में तेज आंधी-तूफान और भारी बारिश ने शहर में भारी तबाही मचा दी। इस प्राकृतिक आपदा के बीच एक अत्यंत दुखद हादसा भी हुआ, जब अंकुरविहार थाना परिसर में स्थित एसीपी कार्यालय की पुरानी और जर्जर छत अचानक भरभराकर गिर गई। इस हादसे में कार्यालय में तैनात सब-इंस्पेक्टर वीरेंद्र मिश्रा (58 वर्ष) की मलबे के नीचे दबने से दर्दनाक मृत्यु हो गई। रात लगभग 10 बजे जब तेज हवाओं के साथ आंधी और बारिश शुरू हुई, उस समय सब-इंस्पेक्टर मिश्रा कार्यालय में मौजूद थे। अचानक छत का मलबा उनके ऊपर गिर पड़ा, जिससे वे तत्काल ही घायल हो गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की बचाव टीमों ने घटनास्थल पर पहुँचकर मलबे से शव को बाहर निकाला और मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मुरादनगर में एक दिवसीय आधार व नेत्र जांच शिविर संपन्न




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ग्राम सरना, संत नगर, मोहनलाल मार्केट, मुरादनगर अरुण त्यागी के आवास पर रविवार को एक दिवसीय आधार कार्ड शिविर एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक चले इस शिविर में सैकड़ों नागरिकों ने भाग लिया और सरकारी सुविधाओं का लाभ लिया। यह आयोजन राष्ट्रीय व्यापार मंडल के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ, जिसमें 18 वर्ष तक के बच्चों के नए आधार कार्ड, एवं सभी आयु वर्ग के नागरिकों के लिए संशोधन सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही, श्रेय आई सेंटर, इंदिरापुरम की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच सेवा दी गई, जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इस जनहितकारी शिविर का उद्घाटन मुरादनगर के विधायक अजीत पाल त्यागी के निर्देश पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता द्वारा किया गया।

## हनुमान चालीसा का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राधे कृष्ण मंदिर पंचशील प्रिमरोज गाजियाबाद के मंदिर परिसर में होने वाले श्री हनुमान चालीसा का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के तहत सुंदर कांड का आयोजन हुआ। सुंदर कांड के बाद प्रसाद वितरित किया गया।



## जल जीवन मिशन और अमृत 2.0 के तहत परियोजनाओं का नोडल अधिकारी ने किया भौतिक सत्यापन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल से नल योजना तथा गौ आश्रय स्थल की दो प्रमुख परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के निदेशानुसार नामित नोडल अधिकारी डॉ. हीरालाल ने शनिवार से रविवार को स्थानीय स्थलों पर किया। नोडल अधिकारी डॉ. हीरालाल, माननीय आयुक्त एवं निबंधन सहकारी समितियां उत्तर प्रदेश, को इस कार्य के लिए विशेष रूप से नियुक्त किया गया है। निरीक्षण के दौरान अमृत 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत गाजियाबाद सीवरेज योजना (करहैडा जोन) के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिशासी अभियंता अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि इस योजना की कुल स्वीकृत लागत 546.94 करोड़ रुपये है, जिसमें जीएसटी और सेंटीज शामिल हैं। इस परियोजना का निर्माण मुम्बई की कंपनी खिलारी इन्फ्राटेक लिमिटेड को अनुबंधित किया गया है, जिसकी लागत 390.60 करोड़ रुपये है। योजना का कार्य प्रारंभ 11 दिसंबर 2023 को हुआ और इसे 8 जून 2026 तक पूरा किया जाना है। यह योजना एक 68 एमएलडी एसटीपी, तीन आईपीएस, और 145 किलोमीटर सीवर नेटवर्क का निर्माण कर लगभग 67,669 घरों को लाभान्वित करेगी। वर्तमान में निर्माण कार्यों की प्रगति लगभग 55 प्रतिशत है। नोडल अधिकारी डॉ. हीरालाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण स्थल पर योजना से संबंधित सभी विवरणों वाला बड़ा साइनेज बोर्ड लगाया जाए।

# हिंडन खादर में जिले के साथ मेरठ की टीम ने मारा छापा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद के हिंडन खादर क्षेत्र में एक बार फिर अवैध शराब माफियाओं ने अपने काले कारोबार को जिंदा करने की कोशिश की, लेकिन आबकारी विभाग की सतर्क निगाहों और सख्त कार्रवाई ने उनके मंसूबों को चकनाचूर कर दिया। इस पूरे अभियान की अगुवाई कर रहे जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम और उनकी जुझारू टीम ने अवैध शराब के जाल को उखाड़ फेंकने का बीड़ा उठा रखा है। उनकी रणनीति और टीम की मुस्तैदी के चलते शराब माफिया आज चारों ओर से घिर चुके हैं। शनिवार को जिला आबकारी निरीक्षक अखिलेश बिहार वर्मा और मेरठ प्रवर्तन टीम के निरीक्षक रणविजय सिंह, कृति सिंह, राकेश कुमार, अशोक कुमार की संयुक्त टीम ने थाना लोनी, शमशेरपुर और मुरादनगर क्षेत्र के हिंडन खादर के जंगलों में जबरदस्त छापेमारी की। जंगल के भीतर बनीं शराब भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए टीम ने 32 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद की, जबकि लगभग 600 किलोग्राम लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। छिपाकर रखे गए छह बड़े ड्रम और दो छोटी कैन भी बरामद की गईं, जिनका उपयोग कच्ची शराब को तैयार करने में किया जा रहा था। इस पूरी कार्रवाई के पीछे जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम की सूझबूझ और कार्ययोजना है, जिनकी अगुवाई में जिले भर में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार तेज किया गया है। संजय कुमार का स्पष्ट निर्देश है कि अवैध शराब के कारोबार को न केवल खत्म किया जाए, बल्कि इसकी जड़ों तक पहुंचकर पूरी व्यवस्था को नेस्तनाबूद किया जाए।